दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 112 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00 | टोंक | गुरुवार, 27 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिली

### 2030 में अहमदाबाद में होंगे गेम्स

### ओलिंपिक 2036 की दावेदारी मजबूत होगी



बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिल गई है। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स जनरल असेंबली में अहमदाबाद शहर को इस खेल के आयोजन की मंजूरी मिली है। इससे पहले साल 2010 में भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी।

कॉमवेल्थ गेम्स 2030 की बोली में भारत का मुकाबला अबुजा (नाइजीरिया) से था, लेकिन कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने अफ्रीकी देश को 2034 एडिशन के लिए विचार में रखने का फैसला किया। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा, यह कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के लिए एक नए स्वर्णिम युग की शुरुआत है। 'गेम्स रीसेट' के बाद हम ग्लासगो 2026 की ओर शानदार तैयारी के साथ बढ़ रहे हैं, जहां हम कॉमनवेल्थ की 74 टीमों का स्वागत करेंगे। इसके बाद अहमदाबाद 2030 पर हमारी नजरें होंगी, जो कॉमनवेल्थ गेम्स के विशेष शताब्दी संस्करण की मेजबानी करेगा।

उन्होंने कहा, भारत पैमाना, युवा ऊर्जा, महत्वाकांक्षा, समृद्ध संस्कृति, अपार खेल जुनून और प्रासंगिकता लाता है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2034 गेम्स और उससे आगे की मेजबानी को लेकर कई देशों की रुचि है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने जो भरोसा दिखाया है, उससे हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 2030 के खेल न सिर्फ कॉमनवेल्थ आंदोलन के 100 वर्षों का जश्न मनाएंगे, बल्कि अगली शताब्दी की नींव भी रखेंगे। ये खेल कॉमनवेल्थ के देशों के खिलाड़ियों, समुदायों और संस्कृतियों को मित्रता और प्रगति की भावना के साथ एकजुट करेंगे। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने भारत को दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बताते हुए कहा है कि यहां खेलों का इतिहास काफी समृद्ध रहा है। हालिया कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है।

अहमदाबाद की बोली भारत की प्रतिबद्धता और आधुनिक खेलों के विशाल स्वरूप को दर्शाती है। अहमदाबाद को 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स का मेजबान घोषित किए जाने के कुछ ही पल बाद, 20 गरबा डांसर और 30 भारतीय ढोल बजाने वाले जनरल असेंबली हॉल में आए और डेलीगेट्स को एक शानदार कल्चरल परफॉर्मेंस के साथ मंत्रमुग्ध कर दिया। पिछली बार भारत की राजधानी नई दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन हुआ था।





## संविधान दिवस



# संविधान 9 नई भाषाओं में जारी

## तीन तलाक खत्म करना ऐतिहासिक कदम, जीएसटी से देश की आर्थिक एकता मजबूत हुई : राष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/भोपाल/ग्वालियर (एजेंसी)।** संसद के सेंट्रल हॉल में बुधवार को 150 वां संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को 9 नई भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में जारी किया। राष्ट्रपति ने कहा- संसद ने तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को खत्म कर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है।

जीएसटी आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, जिसने देश की आर्थिक एकता को मजबूत किया है। राष्ट्रपति ने बताया- अनुच्छेद 370 हटाने से देश की राजनीतिक एकता में आ रही बाधा दूर हुई। नारी शक्ति बंधन कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की नई शुरुआत करेगा। इस दौरान उन्होंने संविधान की प्रस्तावना भी पढ़ी। दरअसल 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और दोनों सदनों के सांसद शामिल रहे।

### राष्ट्रपति बोलीं- अंबेडकर संविधान के मुख्य निर्माताओं में से एक थे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, संविधान दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। 26 नवंबर 1949 को इसी केंद्रीय कक्ष में संविधान सभा के सदस्यों ने भारत का संविधान तैयार करने का काम पूरा किया था। इसी दिन 'हम भारत के लोग' ने अपने संविधान को अपनाया। स्वतंत्रता मिलने के बाद संविधान सभा ने अंतरिम संसद का काम भी किया।



### संविधान बुद्धि, अनुभव, बलिदान और आशाओं से जन्मा : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारा संविधान देश के महान नेताओं ने संविधान सभा में तैयार किया था। यह दस्तावेज उन करोड़ों भारतीयों की सामूहिक बुद्धि, त्याग और सपनों का प्रतीक है, जिन्होंने आजादी के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी और संविधान सभा के विद्वान सदस्यों ने देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए गहराई से विचार किया। उनके निस्वार्थ योगदान की वजह से आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान बुद्धि, अनुभव, बलिदान और आशाओं से जन्मा है। उन्होंने कहा, संविधान की आत्मा ने साबित कर दिया है कि भारत एक था, एक है और हमेशा एक रहेगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि इस पावन अवसर पर हम भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद, संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हैं।

### राष्ट्रपति बोलीं- तीन तलाक को खत्म करना ऐतिहासिक कदम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, तीन तलाक से जुड़ी सामाजिक बुराई को खत्म करके संसद ने हमारी बहनों और बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। जीएसटी, जो आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, देश की आर्थिक एकता मजबूत करने के लिए लागू किया गया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने से एक ऐसी रुकावट दूर हुई, जो देश की राजनीतिक एकता में बाधा बन रही थी। नारी शक्ति बंधन कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का एक नया दौर शुरू करेगा। राष्ट्रपति ने बताया कि इस साल 7 नवंबर से पूरे देश में 'वंदे मातरम' की रचना के 150 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को 9 नई भाषाओं में जारी किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुवादित संस्करण को 9 भाषाओं में जारी किया। इनमें मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया शामिल हैं। इस पहल के बाद अब भारत का संविधान इन भाषाओं में भी उपलब्ध होगा, जिससे अधिक लोग अपनी भाषा में संविधान को पढ़ और समझ सकेंगे।

### उपराष्ट्रपति बोले- बिहार में ज्यादा वोटिंग लोकतंत्र के ताज में एक और कीमती हीरा जोड़ने जैसा

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि 2024 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए चुनावों में लोगों ने बड़ी संख्या में वोट डालकर दुनिया को फिर दिखा दिया कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था कितनी मजबूत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए बिहार चुनावों में भी भारी मतदान हुआ, खासकर महिलाओं ने रिकॉर्ड संख्या में वोट डाले। यह भारतीय लोकतंत्र के ताज में एक और कीमती हीरा जोड़ने जैसा है। उपराष्ट्रपति ने संविधान सभा की महिलाओं के योगदान की भी सराहना की और कहा कि उनका योगदान अतुलनीय और ऐतिहासिक था, जिसने भारतीय लोकतंत्र को और मजबूत आधार दिया।

## सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर पर सुनवाई

### चुनाव आयोग बोला- राजनीतिक पार्टियां डर का माहौल बना रहीं; केरल-बंगाल और तमिलनाडु की प्रक्रिया रोकने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एसआईआर के खिलाफ दायर तमिलनाडु, बंगाल और केरल की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान चुनाव आयोग ने कहा- एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दल जानबूझकर डर का माहौल बना रही हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केरल सरकार की याचिका पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग से 1 दिसंबर तक जवाब देने को कहा है। अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी। वहीं तमिलनाडु में याचिका पर 4 दिसंबर और पश्चिम बंगाल की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई होगी। इसी दिन चुनाव आयोग राज्य की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट भी जारी करेगा। बेंच ने कहा- अगर राज्य सरकार मजबूत आधार देती हैं तो हम तारीख बढ़ाने का निर्देश दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर पहले



कभी नहीं हुआ, तो यह वजह श्वष्ट के फैसले को चुनौती देने का आधार नहीं बन सकती।

### वाइको बोले थे- एसआईआर मूल अधिकारों का उल्लंघन करती है

मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम पार्टी प्रमुख वाइको ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि राज्य की यह रिवीजन प्रक्रिया कई नियमों और लोगों के मूल अधिकारों का उल्लंघन करती है। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 2 दिसंबर को करेगा। तमिलनाडु में वाइको की याचिका के अलावा DMK, CPI(M), एक्टर विजय की पार्टी TVK, सांसद थोल थिरुमावलवन और विधायक सेल्वापेरुंथगई भी एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर चुके हैं। दूसरी ओर अन्नाद्रमुक ने एसआईआर के समर्थन में आवेदन दिया है।

### केरल हाईकोर्ट ने याचिका पर फैसला नहीं दिया था

केरल हाईकोर्ट में चुनाव आयोग ने तर्क दिया था कि एसआईआर एक देशव्यापी प्रक्रिया का हिस्सा है। यह आधे से ज्यादा पूरी हो चुकी है। इसे बीच में रोकने से अगले चुनाव चक्र की तैयारियां बाधित होंगी। जस्टिस वीजी अरुण की बेंच ने कहा था कि बिहार, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की एसआईआर को चुनौती देने वाली इसी तरह की याचिकाएं पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में हैं, इसलिए न्यायिक अनुशासन और शिष्टाचार के कारण हाईकोर्ट को इस मामले पर फैसला देने से बचना चाहिए।

## सीरीज हार के बाद गंभीर बोले- मेरा फैसला बीसीसीआई करेगा



**गुवाहाटी।** इंडियन क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने घरेलू सीरीज में साउथ अफ्रीका से हार की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि जिम्मेदारी सबसे पहले मुझ पर आती है। गंभीर ने कहा- किसी एक खिलाड़ी या किसी एक शॉट को दोष नहीं दिया जा सकता। जिम्मेदारी सभी की है और शुरुआत मुझसे होती है। मैंने कभी किसी खिलाड़ी को दोष नहीं दिया और आगे भी नहीं दूंगा। गंभीर से जब उनकी फ्यूचर कोचिंग के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने कहा- मेरे भविष्य का फैसला बीसीसीआई करेगा।




## भारत बोला- धर्मध्वजा फहराने पर ज्ञान न दे पाकिस्तान

### मोदी के राम मंदिर में कार्यक्रम पर कहा था- यह मुस्लिम विरासत मिटाने की कोशिश



बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान से कहा कि वह हमें अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और कट्टरता पर ज्ञान न दे। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का लंबा इतिहास है। उनके पास किसी दूसरे देश को नसीहत देने का कोई अधिकार नहीं है। दरअसल, पाकिस्तान ने अयोध्या के राम मंदिर में पीएम मोदी के ध्वजारोहण पर विरोध जताया था। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यह भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों पर बढ़ते दबाव और मुस्लिम विरासत को मिटाने की कोशिश का हिस्सा है। पाकिस्तान ने कहा कि जिस जगह पहले बाबरी मस्जिद थी, वहां अब राम मंदिर बनाया गया है। पाकिस्तान ने दावा किया कि बाबरी मस्जिद कई सदियों पुरानी धार्मिक जगह थी।

## सम्पादकीय

# संविधान की शक्ति, समय-समय पर संशोधन भी जरूरी




संविधान दिवस पर संसद के सेंट्रल हाल से लेकर अन्य स्थानों पर हुए विभिन्न आयोजन संविधान की महत्ता को ही रेखांकित करते हैं। ये आयोजन इसीलिए हो सके, क्योंकि मोदी सरकार ने 2015 में प्रति वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने का फैसला किया था। इस अवसर पर जहां राष्ट्रपति ने इस पर बल दिया कि हमारा संविधान ही राष्ट्र की आधारशिला और राष्ट्रवादी सोच अपनाने का मार्गदर्शक दस्तावेज है, वहीं प्रधानमंत्री ने खुद के पीएम पद तक पहुंचने को संविधान की शक्ति बताया। इसकी पुष्टि कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने यह कहकर की थी कि वह इस पद पर संविधान के कारण ही पहुंचे। प्रधानमंत्री ने संविधान का उल्लेख करते हुए देशवासियों को लिखी चिट्ठी में उनके नागरिक दायित्वों की जो याद दिलाई, उस पर ध्यान इसलिए दिया जाना चाहिए, क्योंकि देश को विकसित बनाने का स्वप्न तभी पूरा हो सकता है, जब हर कोई अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने दायित्वों के प्रति भी सजगता दिखाएगा। संविधान के प्रति अपनी-अपनी तरह से समर्पण का भाव व्यक्त किए जाने के बीच नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से जिस तरह यह कहा गया कि उस पर किसी तरह के हमले को सहन नहीं किया जाएगा, उससे यही पता चला कि वे फिर से यह हौवा खड़ा करना चाहते हैं कि संविधान खतरे में है। जो भी संविधान को खतरे में बताते हैं, वे यह समझें तो बेहतर कि ऐसा करके वे संविधान को कमजोर साबित करने के साथ ही उसका निरादर भी करते हैं। वास्तव में यदि संविधान के समक्ष कोई खतरा है तो वह है उसकी मनमानी व्याख्या का। यह विचित्र है कि संविधान एक है, लेकिन उसकी व्याख्या अपनी-अपनी तरह से की जाती है। जब ऐसा होता है तो लोगों में संशय पैदा होता है। एक नई प्रवृत्ति यह भी देखने को मिल रही है कि संविधान के प्रविधानों को पत्थर की लकीर की तरह पेश किया जाने लगा है। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है और इसी कारण सभी दलों की सरकारों ने उसमें समय-समय पर संशोधन किए हैं। अब ऐसा प्रकट किया जा रहा है, जैसे संविधान में किसी तरह का संशोधन करना गुनाह है। यह लोगों को भरमाने वाला दुष्प्रचार ही है। होना तो यह चाहिए कि पक्ष-विपक्ष इस पर एकमत हों कि संविधान की भावना के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के शेष कदम यथाशीघ्र उठाए जाएं। सुधार की आवश्यकता न केवल राजनीतिक, प्रशासनिक, न्यायिक एवं आर्थिक क्षेत्र में है, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी। इसकी अनदेखी न की जाए तो अच्छा कि अभी समान नागरिक संहिता का एजेंडा अधूरा है तो आरक्षण का लाभ भी पात्र लोगों तक पहुंचना शेष है। इन विषयों पर केवल बातें ही नहीं की जानी चाहिए, बल्कि काम करके दिखाया जाना चाहिए।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

- 27 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1885 - पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी।
- 1932 - महान् क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन बनाये।
- 1948 - नेशनल कैडेट कोर की स्थापना हुई।
- 1949 - आजाद भारत के संविधान पर संविधान सभा के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किया।
- 1960 - भारत में पहली बार कानपुर एवं लखनऊ के बीच एसटीडी सेवा शुरु हुई।
- 1967 - लिस्बन में बादल फटने से करीब 450 लोग मरे।
- 1984 - इराक एवं अमेरिका ने कूटनीतिक संबंधों को पुन: स्थापित किया।
- 1996 - मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं का पता लगाने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष यान 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' को अंतरिक्ष में भेजा (7 नवम्बर); संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक के संदर्भ में 'आयल फ़ॉर फ़ुड डील' प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।
- 1997 - पाक सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने मुख्य न्यायाधीश को निलम्बित किया।
- 1998 - तुर्की के प्रधानमंत्री मेसुत यिल्माज ने संसद में अपनी सरकार के विश्वासमत हासिल नहीं कर पाने के बाद इस्तीफ़ा दिया, कंबोडिया के वर्तमान प्रधानमंत्री हुनसेन को औपचारिक रूप से पुन: देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया, माहे (सेशल्स) में इस्रायल की 'लीनोर अबार्गिल' 1998 की 'मिस वर्ल्ड' चुनी गईं।
- टोनी ब्लेयर ऑयरलैंड की संसद को संबोधित करने वाले पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री बने।
- 2001 - नेपाल में 200 माओवादी विद्रोही मारे गये; देश में आपातकाल लागू।
- 2002 - बीबीसी के सर्वेक्षण में विंस्टन चर्चिल महानतम ब्रिटिश नागरिक चुने गये।

## विशेष आलेख

# प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व में अयोध्या से जागा सनातन भारत



डॉ नयन प्रकाश गांधी



अयोध्या सदियों से देश के मन और भावना का केंद्र रही है। यह केवल एक नगर नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। यह रामराज्य का विचार है, जहां शासन धर्म के मार्गदर्शन में होता है। यहां शक्ति सीमाओं से नहीं, बल्कि नीति और करुणा से तय होती है। राम की अयोध्या हमें सिखाती है कि सत्ता का महत्व केवल शासन करना नहीं बल्कि सेवा करना है। जब धर्म शासन में आता है, तो न्याय, करुणा और दया शासन का आधार बनते हैं। इसलिए अयोध्या केवल धार्मिक आस्था की गढ़ नहीं बल्कि सांस्कृतिक नीति का प्रतीक भी है। लंबे संघर्ष और इंतजार के बाद जब राम मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज लहराया गया, तो ऐसा लगा मानो भारत की चेतना ने एक नई सांस ली हो। यह वह क्षण था जब इतिहास, संस्कृति और आधुनिकता ने एक साथ मिलकर भारत के गौरव को उजागर किया।भगवा रंग भारतीय आध्यात्मिकता का परिचायक है। यह किसी धार्मिक रंग से कहीं अधिक है। यह त्याग, संयम और परोपकार की भावना का प्रतीक है। जब यह रंग अयोध्या के आकाश में लहरा उठा, तो लग रहा था कि यह भारत का ऐसा संकल्प है जो अपनी असली पहचान से कभी समझौता नहीं करेगा। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि यह भगवा ध्वज केवल प्रतीक नहीं बल्कि रघुकुल की मर्यादा, नीति और धर्म का प्रतिनिधि है। ध्वज पर अंकित कोविडार वृक्ष स्थिरता, संतुलन और आध्यात्मिक शक्ति का द्योतक है। जैसे कोई वृक्ष अपनी जड़ों से ऊर्जा प्राप्त करता है, वैसे ही भारत अपनी संस्कृति और सनातन मूल्यों से जीवन शक्ति लेता है। भगवा रंग उस समाज का प्रतिनिधित्व करता है जो केवल भौतिक शक्ति पर नहीं बल्कि नैतिक शक्ति पर चलता है। यहां धर्म व्यक्तिगत आस्था से आगे बढक़र सामाजिक व्यवस्था की नींव बनता है।रामराज्य कोई कल्पनाशील कहानी नहीं है। यह शासन की वह सोच है जिसमें सत्ताधिकार सेवा का माध्यम होता है, न कि केवल सत्ता का केन्द्र। इस व्यवस्था में राजा धर्म का पालन करता है और प्रजा का अभिभावक होता है। आज जब पूरी दुनिया विकास और आधुनिकता की दौड़ में नैतिक मूल्यों को कम करने लगी है, तब रामराज्य का संदेश और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रगति तभी स्थायी होती है जब उसके साथ नीति, करुणा और संवेदना भी जुड़ी हों। भगवा ध्वज का फहराना हमें याद दिलाता है कि भारत केवल आर्थिक शक्ति नहीं बल्कि नैतिक शक्ति वाला राष्ट्र है। उसके विकास का आधार धर्म है, लेकिन यह धर्म संप्रदाय नहीं, बल्कि ऐसा नैतिक धर्म है जो सबके हित की बात करता है।अयोध्या का यह दृश्य केवल धार्मिक ही नहीं बल्कि राजनीतिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी ऐतिहासिक था। राम मंदिर का निर्माण न केवल एक धार्मिक स्मारक है, बल्कि यह 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना से जुड़ा एक राष्ट्र निर्माण कार्य है। भगवा ध्वज का यह आरोहण ऐसे भारत का प्रतीक है जो अब आत्मविश्वास से भरा है और अपनी जड़ों से मजबूत होकर विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।आज जब अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर पर भगवा धर्मध्वज लहरा रहा है, तो उन सभी लोगों की याद आती है जिन्होंने इस आंदोलन को अपना जीवन समर्पित कर दिया। अशोक सिंघल, महंत अवैद्यनाथ, महंत रामचंद्र दास परमहंस, कल्याण सिंह अनेक ज्ञात-अज्ञात कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक संघर्ष, तपस्या और त्याग किया है। आज के इस निर्णायक और गौरवशाली क्षण में उनकी आत्मा को अवश्य ही शांति और संतोष की अनुभूति हो रही होगी, क्योंकि उनका अटूट समर्पण अब सफल होता दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या का यह आयोजन उस भारत की तस्वीर प्रस्तुत करता है जो केवल अपनी रक्षा में नहीं, बल्कि अपने विकास और आत्मप्रकाश में विश्वास रखता है। यह देश दुनिया को दिखा रहा है कि आध्यात्मिकता और विकास साथ-साथ चल सकते हैं। यहां धर्म पीछे नहीं, बल्कि आगे बढने और समृद्धि के लिए प्रेरणा बनता है। यह धर्मध्वज आज हर भारतीय के दिल में आत्मगौरव, आत्मबल और आत्मसंयम का प्रतीक बनकर लहरा रहा है। आज केवल अयोध्या का आकाश ही नहीं झुका, बल्कि भारत का इतिहास, संस्कृति और सामूहिक चेतना भी एक स्वर में बोल उठी है कि अब भारत जाग चुका है और अपना रास्ता खुद बनाएगा।

# आईएएस अधिकारी के बच्चे आईएएस नहीं बनना चाहते?



डॉ प्रियंका सौरभ

*सबसे पहले, भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बच्चे उस सेवा की वास्तविक कठिनता को प्रतिदिन देखते हैं जिसे बाहरी दुनिया केवल प्रतिष्ठा के आवरण में देखती है।*

भारतीय प्रशासनिक सेवा को समाज में सम्मान और शक्ति का प्रतीक माना जाता है, परंतु इसके भीतर छिपी कठोर वास्तविकताएँ अक्सर परिवारों के जीवन को गहराई से प्रभावित करती हैं। तेज़ स्थानांतरण, राजनीतिक दबाव, सीमित निजी समय और निरंतर सार्वजनिक अपेक्षाएँ नई पीढ़ी को इस सेवा से दूर करती हैं। साथ ही, बच्चों को उपलब्ध व्यापक शिक्षा और वैश्विक अवसर उन्हें विविध करियर चुनने की स्वतंत्रता देते हैं। यही कारण है कि आज भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बच्चे उसी राह पर कम चलते हैं और जीवन-संतुलन तथा रचनात्मक स्वतंत्रता आधारित नए करियर को प्राथमिकता देते हैं।

भारत में प्रशासनिक सेवा को लंबे समय से शक्ति, प्रतिष्ठा और राष्ट्र-निर्माण के सर्वोच्च प्रतीकों में गिना जाता रहा है। समाज में आज भी भारतीय प्रशासनिक सेवा एक ऐसा नाम है जो सम्मान, अधिकार और सफलता की सम्मिलित छवि बनाता है। किंतु विडंबना यह है कि जिन परिवारों ने इस प्रतिष्ठा को बहुत निकट से देखा है, वही परिवार—विशेषकर भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बच्चे—बहुत कम संख्या में उसी पेशे की राह अपनाते हैं। यह प्रश्न केवल सामाजिक जिज्ञासा भर नहीं है; यह प्रशासनिक जीवन की कठोर सच्चाइयों, बदलते समय और नई पीढ़ी की मनोवृत्ति का गहरा संकेत है। सबसे पहले, भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों के बच्चे उस सेवा की वास्तविक कठिनता को प्रतिदिन देखते हैं जिसे बाहरी दुनिया केवल प्रतिष्ठा के आवरण में देखती है। अनिश्चित और तेज़ स्थानांतरण, राजनीतिक दबाव, जनता की अपेक्षाओं का अंतहीन बोझ, अवकाश का अभाव और निरंतर संघर्ष—इन सभी का प्रभाव परिवार के जीवन पर प्रत्यक्ष रूप से पड़ता है। नई पीढ़ी जिसके लिए मानसिक स्वतंत्रता और कार्य-जीवन संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है, वह ऐसी सेवा की ओर आकृष्ट नहीं होती जहाँ व्यक्तिगत समय और निजी जीवन लगभग समाप्त हो जाता है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष है—आर्थिक सुरक्षा। भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी अपने बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा, उत्कृष्ट वातावरण और व्यापक अवसर प्रदान करने में सक्षम होते हैं। ऐसे में बच्चों के लिए सरकारी सेवा प्राप्त करने का संघर्ष किसी अनिवार्यता के स्थान पर एक अतिरिक्त बोझ जैसा प्रतीत होने लगता है। संघ लोक सेवा आयोग की कठिन, अनिश्चित और समयसाध्य परीक्षा उनके लिए आवश्यक विकल्प नहीं, बल्कि एक चुनौतीपूर्ण यात्रा जैसी लगती है। इसलिए उनकी राहें निजी क्षेत्र, तकनीकी क्षेत्र, अनुसंधान, विधि-विज्ञान या उद्यमिता की ओर अधिक मुड़ जाती हैं—जहाँ आय अधिक है, स्वतंत्रता अधिक है और स्थानांतरण या राजनीतिक दबाव जैसी चुनौतियाँ कम हैं।तीसरी सच्चाई यह है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के भीतर की जो प्रशासनिक सीमाएँ हैं—फाइलों का व्यवहार, विवश निर्णय, भ्रष्ट तंत्र का दबाव—वे सब इन परिवारों के बच्चे प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करते हैं।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**मीनू शर्मा (सेविका श्री जगन्नाथ जी मन्दिर अलवर)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं श्रीमति मीनू शर्मा जिन्हे पूरा शहर मीनू बहनजी या मीनू भाभीजी के नाम से जानता है। सैदव ठाकुरजी की सेवा में लगे रहना इनके पूर्व जन्म के सौभाज्य को वर्णित कर रहा है। ये अलवर शहर की ही बेटी हैं, सन 1977 को इनका विवाह मन्दिर के मुख्य सेवादार के पुत्र एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा के साथ सम्पन्न हुआ। इनके दो संताने हैं एक बेटा एक बेटी दोनो का विवाह हो चुका है। बेटा मारूति कम्पनी में बडे औहदे पर हैं। इनके पति एडवोकेट देवेन्द्र शर्मा भी जगत के पिता जगन्नाथ जी महाराज की सेवा में ही लगे रहते हैं। लोगों को श्री जगन्नाथ मन्दिर से जोडना और सदैव ठाकुरजी की पूजा सेवा में लगे रहना शायद ठाकुरजी की बड़ी कृपा का प्रसाद इनके साथ है। जगन्नाथ महोत्सव के अतिरिक्त साल भर में होने वाले सभी उत्सवों में मुख्य किरदार निभाती हैं। सन 2019 को राजकीय सीनिसर सैकण्डरी स्कूल भूगोर से सेवा निवृत हुई थी उससे पूर्व आर्यकन्या विद्यालय में लम्बे समय अध्यापिका रही हैं। प्रातः ब्रम्हबेला में उठकर ठाकुरजी के श्रृंगार और सेवा में लगी रहती हैं। परम भक्ता मीरा बाई सा जीवन। सिर्फ और सिर्फ ठाकुरजी की पूजा सेवा। अपने घर परिवार को एक जुट रखकर सबकों अपने साथ जोड़े रखना इनके संस्कार को दर्शाता है। इन्हे कभी तनाव में देखा ही नहीं हमेशा ठाकुरजी के चरणों में बैठकर मुस्कान बिखेरती हैं। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

बढ़ता राजस्थान

# गरीब की बेटी-अमीर की बेटी



**रूपक शर्मा संपादकीय प्रभारी ,अलवर**

दोस्तों एक छोटी सी कहानी से बताने का प्रयास कर रहा हूं कि खुशियां पैसों की मोहताज कभी नहीं रहती है। 1994 की बात है मेरी दुकान के पडौस में एक किराए के मकान में बिहार का रहने वाला एक फैक्ट्री में काम करने वाला व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ रहता था। उसे उस समय 1400 रूपये महीने तन्ख्वाह मिलती थी। फैक्ट्री की बस आया करती थी। वो अपने छोटे से परिवार के साथ दस गुणा आठ साईज के कमरे में रहता था उसी कमरे में उसकी पत्नी स्टोव पर रोटी बनाया करती थी। एक साल की उसकी गुडिया थी उनके। महिला के पिता भी बिहार के थे वे बेहद गरीब घर के थे बस ऐसे ही शादी जैसे-तैसे समाज में हाथ फैलाकर कर दी । महीने में एक अवकाश मिलता था तो अपने परिवार को शहर के आस-पास घुमाने ले जाता था पिकनिक के तौर पर। कभी कम्पनी बाग तो कभी कहीं किसी पार्क में। कम पैसों में गरीब की बेटी सच में इतनी खुश रहती थी जैसे राजकुमारी। वहीं दूसरी ओर एक अमीर पिता ने अपनी बेटी की शादी की। जिनकी उस जमाने में लाखों रूपये की मैन रोड़ पर जमीन थी जिस परिवार में शादी हुई और परिवार का कामधंधा में जबरस्त था। सीमेंट का काम था। लडकी राज करेगी इस कहावत के साथ पिता ने भी पूरे सम्मान के साथ दानोंदहेज दिया। लेकिन ससुराल वाले इस दकियानूसी विचार धारा के थे कि लडक़ी को कहीं घूमने भी नहीं दिया जाता था। उसके अलावा उस घर में पर्दा प्रथा थी और उसके पति को इतना भी समय नहीं मिलता कि उसे कहीं घूमाकर ला सके। उस पढ़ी लिखी कन्या का पूरा समय बस घर के कामकाज में निकल जाता था। उसने माता पिता को आप बिती बताई तो उन्होंने कहा कि बेटा बिंद गए सो मोती और बंट गए सो भीडू। यहां एक बात तो साफ तौर पर नजर आई कि गरीब की बेटी देखो राज कर रही है,खुश है आनन्द में है और अमीर की बेटी की शादी लखपतियों के यहां हुई लेकिन वो दुःखी है,कैद में है और व्यतिथ है। तो साफ है कि पैसा साधन दे सकता है सुख तो कतई नहीं........।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनके साथी से रिश्ते बेहतर रहेंगे। दोनों की बॉन्डिंग बहुत अच्छी होगी, लेकिन बिजनेस में कुछ उतार-चढ़ाव रहने से आज आप थोड़ा परेशान भी हो सकते हैं।

### वृष
आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। व्यापार में भी आपकी कोई अच्छी डील फाइनल होगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं।

### मिथुन
आज आप अपनी प्रतिभा दिखाकर कार्यक्षेत्र में लोगों को हैरान करेंगे। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपकी कला में भी निखार आएगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### कर्क
आज आपके मन में उलझनें रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आपको कोई निर्णय थोड़ा सोच समझकर लेना होगा। पारिवारिक वाद-विवाद आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। नौकरीपेशा जातकों को अच्छे कामों से प्रोत्साहन मिलेगा। आपको शेयर मार्केट आदि में धन लगाना बेहतर रहेगा।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए समझदारी से काम करने के लिए रहेगा, इसलिए आपको पार्टनरशिप थोड़ा देखकर करनी होगी। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है, जो आपको खुशी देगा।

### तुला
आज के दिन आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आप अपने इनकम को बढ़ाने की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे। कोई धन से संबंधित मामला आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है। आपका किसी हो पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, लेकिन आपको अत्यधिक मेहनत के कारण थकान का अनुभव होगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर उत्साहित रहेंगे। प्रेम संबंधों की नई शुरुआत होगी। जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। यदि कोई पुरानी बीमारी फिर से आपको समस्या दे रही थी, तो उसमें आपको सुधार लाने की कोशिश करनी होगी। पारिवारिक जीवन में तालमेल बनकर चलना होगा।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सामाजिक कामों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। प्रेम संबंधों में यदि कटुता चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

### मीन
आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से बढ़िया रहने वाला है। जीवनसाथी और आप एक दूसरे के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेंगे, जिससे दोनों एक दूसरे की कमियों को स्वीकार करके एक दूसरे के साथ अपने रिश्ते में आगे बढ़ेंगे।

## कृषि जिन्स मूंग, मूंगफली, उडद, सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीद प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** खरीफ वर्ष 2025-26 के कृषि जिन्स मूंग, मूंगफली, उडद, सोयाबीन की गत 18 अक्टूबर से ई-मित्र के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया कर समर्थन मूल्य पर 24 नवम्बर से खरीद प्रारम्भ की जा चुकी है। सहकारी समितियां के उप रजिस्ट्रार रविन्द्र सिंह यादव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा एफएक्यू मापदण्ड की कृषि जिन्स मूंग के लिए 8768, उडद 7800, मूंगफली 7263 व सोयाबीन (पीली) 5328 रू. प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य घोषित किया है। खरीद समस्या निवारण के लिए टोल फ्री की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसका नम्बर 18001806001 है। पंजीकृत किसानों से अनुरोध है कि अपनी एफएक्यू मापदण्ड की कृषि जिन्स को मोबाईल पर प्राप्त संदेश अनुसार नियत तिथि से 10 दिवस तक ही तुलाई करवा सकते है। जिससे समय पर उपज का भुगतान कराया जा सके।

## संविधान दिवस पर बाल संसद का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेशकुमार जलुथरिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी निवाई के निर्देशानुसार वंशिका पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल निवाई में संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच संवैधानिक जागरूकत्ता के बढ़ावा देने और भारत के संविधान, संसदीय प्रक्रियाओं और लोंकतांत्रिक संस्थानों के कामकाज की समझ बढ़ाने के लिए मॉक पार्लियामेंट (बाल संसद) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करके किया। बाल संसद में छात्र व छात्राओं द्वारा प्रधानमंत्री, मंत्री, स्पीकर और संसद सदस्यों जैसे पद की शपथ दिलवाई एवं मंत्री पद की भूमिकाए निभाई। बाल संसद में पक्ष विपक्ष द्वारा सामाजिक और सवैधानिक मुद्दों, बाल अधिकार, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा की दर, लैंगिक समानता, बढ़ती बेरोजगारी, जनसंख्या, निर्वाचन प्रणाली, बाल कल्याण, महिला की शिक्षा में भागीदारी, देश रक्षा, मतदाता सूचिया. संविधान का महत्व, मौलिक अधिकार व मौलिक कर्तव्य आदि मुद्दों का गहन निरीक्षण कर प्रश्नोत्तरी में सत्ता पक्ष द्वारा विपक्ष को जवाब दिया गया तथा पक्ष एवं विपक्ष में सभी मुद्दों पर बहस की गई। न्यायाधीश सृष्टि चौधरी, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रवींद्र प्रताप सैनी द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर सभी कर्मचारियों को जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाचार्य विमलेश गौतम एवं निवाई तालुका सचिव राजेश मीणा, पीएलवी विष्णु शर्मा सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री के भ्रमण से पूर्व तैयारियों के संबंध में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों से वीसी के माध्यम की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

सरोज बसंल जिला प्रमुख की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक/




**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** सरोज बसंल जिला प्रमुख की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक/वीडिया काफ्रेन्स कलेक्ट्रेट, टोंक में आयोजित की गई। जिसमें जिले के पंचायती राज विभाग के अधिकारी एवं पंचायती राज विभाग के हस्तातंरित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिये जिले के समस्त विकास अधिकारी, सहायक अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता/तकनीकी सहायक, समस्त ग्राम विकास अधिकारी, प्रशासक समस्त ग्राम पंचायत तथा पंचायती राज के हस्तान्तरित पाचों विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारी सीडीपीओं, कृषि अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम राजीविका जुड़ी। वीसी आयोजन के मुख्य बिन्दु पंचायतीराज एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावार के 4 दिसंबर को को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के संबध में था। हमारा शौचालय-हमारा भविष्य अभियान की चर्चा, ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई कार्या की प्रगति पर चर्चा तथा प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत पर चर्चा थे। वीसी के प्रारंभ में जिला प्रमुख सरोज बसंल ने वीसी में उपस्थित सभी अधिकारियों / कार्मिकों को संविधान दिवस के उपलक्ष में संविधान की शपथ दिलाई तथा इसे पूर्व जिला प्रमुख सरोज बसंल ने जिला परिषद के सभागार में जिला परिषद के सभी अधिकारियों/ कार्मिकों संविधान की शपथ दिलाई गयी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, टोंक परशुराम धानका द्वारा वीसी के माध्यम से जुडे सभी अधिकारी/कार्मिको को बताया कि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का यात्रा कार्यक्रम तय हुआ है। जिसमें जिला परिषद के नवीन मुख्यद्वार एवं मार्ग का लोकार्पण करेंगे इसके पश्चात कृषि आडिटोरियम में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के विकास कार्या के शिलान्यास एवं लोकार्पण किये जावेंगे तथा प्रधान, जिला परिषद/पंचायत समिति सदस्य, प्रशासक ग्राम पंचायत एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारी/ कर्मचारीगण की स्वच्छता के संबंध में आयोजित कार्यालय शाला में भाग लेगें तथा कार्यक्रम आयोजन से पूर्व सभी अधिकारी/कार्मिकों निर्देशित किया कि घर-घर कचरा संग्रहण नियमित जारी रखे तथा इसका रूट चार्ट बनाकर इसको सार्वजनिक स्थान पर चस्पा करे तथा कचरा संग्रहण ई रिक्शा का हुटर बज रहा है या नही इसको चैक करावे, कचरा निर्धारित स्थान आरआरसी केन्द्र या निर्मित नहीं हाने की स्थिति में चिन्हित स्थान पर एकत्रित किया जावे। जिला प्रमुख सरोज बसंल ने वीसी में उपस्थित सभी अधिकारियों/ कार्मिको निर्देशित किया गया कि माननीय मंत्री महोदय के भ्रमण से पूर्व सभी अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त करे जिसमें सर्वप्रथम ग्राम पंचायतों में कीचड निपटान, नालो/ नालियो की निरन्त सफाई, कचरे के ढेर एवं रेवडिया हटायी जावे। ग्राम में सार्वजनिक स्थान/बाजार/ बस स्टेण्ड पर स्थित दुकानों के बहार कचरा पात्र रखवाया जावे। वीसी में डीओआईटी में खुशबू शर्मा परियोजना अधिकारी लेखा, कबीर अख्तर अधिशाषी अभियन्ता अभियान्त्रिकी, रणवीर सिंह अधिशाषी अभियन्ता महात्मा गांधी नरेगा, डॉ0 गोपाल जांगिड जिला प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अधिकारी, राजेश शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा टोंक, दामोदर बैरवा जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन जिला परिषद टोंक आदि उपस्थित थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में 83.14 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का हुआ डिजिटाइजेशन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2025-26 के लिए मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची से संबंधित सभी महत्वपूर्ण चरणों को तय समयानुसार संपादित किया जाएगा, ताकि अधिकतम पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में सम्मिलित कर शुद्ध एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार की जा सकें। इसी के तहत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर-घर मतदाता गणना की जा रही है। इस चरण में बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक घर जाकर मौजूदा मतदाताओं का सत्यापन और नए पात्र मतदाताओं के नाम जोडने की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। प्रारुप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम रतन सौंकरिया ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे बीएलओ द्वारा दिए गए गणना प्रपत्र में नवीनतम फोटो चस्पा एवं आवश्यक जानकारियां भर समय पर प्रपत्र को जमा करावें। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा 26 नवम्बर को शाम 4:30 बजे तक जारी रिपोर्ट के अनुसार, जिले में डिजिटाइजेशन की कुल प्रगति अब 83.14 प्रतिशत तक पहुँच गई है। इसमें विधानसभा क्षेत्र मालपुरा में 85.48 फीसदी, निवाई 84.75, टोंक 79.17, देवली-उनियारा 82.92 फीसदी गणना प्रपत्रों को डिजिटाइजेशन किया जा चुका है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के लिए मतदाता चुनाव आयोग की वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं। संबंधित बीएलओ एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े कार्मिक घर-घर जाकर लोगों के गणना प्रपत्र भरने में सहयोग कर रहें है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है।

## सात दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का हुआ समापन, छात्राओं में जगा आत्म विश्वास




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय में राजस्थान पुलिस जिला टोक की आत्मरक्षा टीम एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का बुधवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार टोडवाल, संयुक्त सचिव हनुमान सहाय पारीक, प्रचार सचिव मोहम्मद इश्तियाक एवं आत्मरक्षा टीम के हेमराज, बीना तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेनू अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। हेमराज के द्वारा छात्रों को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान दक्ष प्रशिक्षक बीना द्वारा शिविर में सिखाई गई आत्मरक्षा के दांव पेच का सामूहिक अभ्यास करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राजनीतिक विभाग के विभाग अध्यक्ष गोविंद गौतम द्वारा संविधान की प्रस्तावना की शपथ सभी को दिलवाई गई। साथ ही महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मौलिक कर्तव्य के बारे में विस्तार से चिंतन एवं मंथन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय उप-प्राचार्य दीपेंद्र सिंह, रोहन पारीक, प्रिया चौधरी, कोमल स्वामी, अनीश खान व कैलाश चंद विजय सहित कई लोग मौजूद रहे।

## बाडोलिया ने किया दवा इंडिया हेल्थ मार्ट लिमिटेड का उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** शहर के सुभाष बजार में बुधवार को दवाइंडिया जेनेरिक फार्मेसी मेडिकल का भाजपा जिला महामत्री डॉक्टर प्रभु बाडोलिया ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। बाडोलिया ने कहा स्वस्थ भारत स्वस्थ राजस्थान स्वस्थ टोंक के संकल्प को साकार करते हुए दवा इंडिया जेनेरिक फार्मेसी मेडिकल की सुविधाएँ टोंक के लोगों को भी मिलेगी। बाडोलिया ने नव व्यापार की कुशल शुरूआत करने के लिए स्टोर मैनेजर, स्टोर स्टाफ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## इंदिरा कालोनी से निकलते भारी ओवरलोड वाहन
## कॉलोनी वासियों को हो रही है परेशानी

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** शहर की व्यस्तम एवं आवासीय कॉलोनी इंदिरा कालोनी में से करीब एक वर्ष से तेज गति से भारी ओवर लोडिंग वाहन निकलते है। जिससे कॉलोनी वासियों को परेशानी हो रही है एवं बडा हादसा होने का भयबना हुआहै। कॉलोनी वासियों ने बताया कि भारी ओवरलोड वाहनों के निकलने से कभी भी कॉलोनी में बडी दुर्घटना हो सकती है। कई बार तो विद्युत लाइन नीचे होने के कारण ओवरलोड वाहन उनके टच होते होते बचते है। कॉलोनी वासियों की मांग है कि भारी ओर ओवरलोड वाहन को कॉलोनी से नहीं निकलने दिया जाए।

## राजकीय महाविद्यालय उनियारा में विभागीय योजनाओं का आमुखीकरण व बालिकाओं को ट्रैकसूट वितरित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग टोंक मैरिगंटन सोनी के निर्देशानुसार जिले के सभी ब्लॉकों की विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों , महाविद्यालयों में विभागीय योजनाओं का आमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न करवाने के क्रम में दिनांक 26 नवंबर 2025 को उनियारा ब्लॉक के राजकीय महाविद्यालय उनियारा में महिला अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं का आमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न करवाया गया तथा रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में शामिल 41 बालिकाओं को महिला अधिकारिता विभाग टोंक की तरफ से ट्रैकसूट वितरित किए गए। इस दौरान सभी बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने व विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की जानकारी दी गई। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से उपस्थित अरुणा शर्मा ने निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण, शिक्षा सेतु, ,उड़ान योजना,काउंसलर सविता गुर्जर ने लाडो प्रोत्साहन योजना, काउंसलर मंजू चौधरी ने सामूहिक विवाह अनुदान योजना के बारे में चर्चा की व बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में बताया , जेंडर स्पेशलिस्ट भावना सक्सेना ने सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तृत जानकारी दी, उनियारा ब्लॉक सुपरवाइजर नरेश मीणा ने बेटी बचाओ ,बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में व मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के बारे में जानकारी दी । महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र उनियारा से विधि काउंसलर विजय ज्योति ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की कार्य प्रणाली के बारे में बताते हुए घरेलू हिंसा अधिनियम 2005,कार्य स्थल लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 के तहत गठित आंतरिक शिकायत समिति के बारे में बालिकाओं को व उपस्थित समस्त स्टाफ को इसके बारे में जानकारी दी। इस दौरान महाविद्यालय की सभी बालिकाएं, कार्यवाहक प्राचार्य भानु प्रकाश, सहायक प्राचार्य दिव्या मीणा व समस्त स्टाफ उपस्थित था। लगातार चल रहे इस कार्यक्रमों का उद्देश्य बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना व विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना है।

## प्लास्टिक की कोई नही शान, मिटा दे इसका नामो निशान...........!

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** सिंगल यूज प्लास्टिक मानव जीवन के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इसका उपयोग कई बीमारियों को जन्म देता है। इसलिए इसका उपयोग नही करने के लिए नगर परिषद टोंक के आयुक्त धर्मपाल जाट ने सभी चाय, कॉफी, थड़ी विक्रेताओं एवं आमजन से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने की अपील की है। आयुक्त ने कहा है कि सभी मिटटी के कुल्हड़ उपयोग कर पर्यावरण एवं मानव जीवन को स्वच्छ एवं स्वस्थ्य बनाये रखने में योगदान करें।

## कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** शहर में बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में होने जा रहे 10 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डायरेक्टर के.आर. खान साहब, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अकबर खान, प्रदेश अध्यक्ष शिवराज सिंह शक्तावत, ब्रीजू, भावना आदि ने विचार विमर्श किया ।

संविधान दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

# भीमराव अम्बेडकर को किया नमन

बढ़ता राजस्थान




**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** संविधान दिवस के उपलक्ष में बुधवार को टोंक अंबेडकर सर्किल बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। जिसमें अशोक बैरवा भीमसेना टोंक, पप्पू वाल्मीकि भीमसेना शहर अध्यक्ष, राजेश पारुचिया प्रदेश संयोजक वाल्मीकि महापंचायत महावीर राजोरिया छोटू लाल चंदेल अध्यक्ष खटीक समाज ने बताया कि बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में, 26 नवंबर 1949 को संविधान को संविधान सभा में पेश किया था। उन्होंने 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा की अंतिम बैठक में समापन भाषण दिया था और अंतिम मसौदे को प्रस्तुत किया ओर लागू हुआ। संविधान दिवस के अवसर पर अशोक बैरवा भीम सेना टोंक संदेश दिया बाबा साहब ने जो ज्ञान का दीपक शिक्षित समाज को दिया था वह शिक्षित समाज अपने स्वार्थ को लेकर बैठा है जिसके कारण समाज वर्गीकरण का शिकार हो चुका है कर्मचारी अधिकारी संगठन इसलिए है कि वह अपने हितों को देखते हैं और जब भी उनका कहीं स्थानांतर हो जाता है तो अपने संगठन की ध लेकर अपना काम करवाते हैं लेकिन निचले तपके के बहुजन समाज के लोगों के कार्य नहीं होते इसी कारण समाज आज बिखरा हुआ है जबकि भारत में शासन संविधान और कानून से चलता है न कि मनमानी से भीम सेना कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है और देश को एकजुट रखता है जैसा कि पड़ोसी देशों की विपरीत स्थिति से पता चलता है उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि न्यायपालिका को भी संविधान की भावना के अनुसार, न्याय की रक्षा करनी चाहिए चाहे परिस्थितियाँ कैसी भी हो, संविधान सर्वोच्च है भारत का शासन संविधान और कानून के अनुसार चलता है न कि किसी व्यक्ति या सत्ता की मनमानी से न्याय की रक्षा असली कानून वह है जो न्याय की रक्षा करता है, एकजुटता का प्रतीक संविधान ने चुनौतियों के समय भी भारत को एकजुट रखा है और यह डॉ. अंबेडकर की परिकल्पना थी परिवर्तनकारी शक्ति संविधान को स्याही में रची शांत क्रांति कहा, जो न केवल अधिकारों की गारंटी देता है बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीडितों को ऊपर उठाता है। न्याय के प्रति निष्ठा है संविधान के प्रति देश के बहुजन समाज को वह कर्मचारियों अधिकारियों को अपनी निष्ठा बनाए रखने की कोशिश करे और हर पद को सेवा का अवसर मानकर निचले पायदान पर बैठे बहुजन समाज की सेवा करें तभी संविधान की आत्मा में जान आएगी ।

## टोंक में एनआईसी की राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी का निरीक्षण दौरा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)।** राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी एवं उप महानिदेशक डॉ. पी. गायत्री तथा एएसआईओ गुरदीप सिंह भाटिया ने आज टोंक जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ई-गवर्नेंस परियोजनाओं, डिजिटल सेवाओं एवं एनआईसी टोंक द्वारा किए जा रहे नवाचारों विकसित पोर्टलों, एआई आधारित पहल पढाई विद एआई की समीक्षा की। टीम ने जिला प्रशासन में तकनीकी समाधान लागू करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुशील अग्रवाल ने बताया कि राज्य स्तरीय अधिकारियों ने सभी परियोजनाओं का विस्तृत अवलोकन किया तथा बेहतर सेवा-प्रदायगी के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने यह भी बताया कि टोंक जिला डिजिटल नवाचारों में लगातार अग्रसर है।

# समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही भजन लाल सरकार : कुलदीप धनकड़

## मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण योजना के तहत 03 स्कूटी वितरित की

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण योजना के तहत बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार तथा समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में कस्बा स्थित पावटा पंचायत समिति कार्यालय में आयोजित समारोह में 03 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनकड़ रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने की।

जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी विपिन चौधरी ने बताया कि स्कूटी वितरण के साथ ही 03 व्हील चेयर, 8 वैशाखियाँ, 12 कान की मशीनें, 20 बैंत सहित अन्य सहायक उपकरणों का भी वितरण किया गया। समारोह में सम्बोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि प्रदेश की भजन लाल सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल भजन लाल सरकार की संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी सोच का प्रतीक है, जो दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अध्यक्षता कर रही उपखंड अधिकारी साधना शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं और प्रशासन की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पहुँचे। विकास अधिकारी सुशिला यादव ने कहा कि ऐसी योजनाएँ विशेष सहयोग की आवश्यकता रखने वाले वर्गों को आत्मविश्वास प्रदान करती हैं, और पंचायत समिति स्तर पर इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभाग निरंतर कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गेंदालाल, सहायक विकास अधिकारी विजेंद्र जाट, जिला एससी मोर्चा अध्यक्ष बद्री प्रसाद चौहान, पावटा मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र राठी, जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विमल कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन गिरिराज ओला ने किया। इस दौरान सहायक लेखा अधिकारी अशोक मीणा, वरिष्ठ सहायक साधुराम जाट, दुर्गा प्रसाद, बनवारी लाल पनियाला, पप्पू स्वामी, हरिचंद्र कुमावत, मदन लाल यादव, हरिद्वारी लाल स्वामी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## चम्पा बाग एवं निरंजनी अखाड़ा की 14.5900 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जों व निर्माण को लेकर सांसद डॉ रावत ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

### उच्च न्यायालय द्वारा 30 मई 2024 को सुखाडिया विश्वविद्यालय के पक्ष में निर्णय होने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के लिए अवाप्तिधीन 14.5900 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जों और अनाधिकृत निर्माण को लेकर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। सांसद ने बताया कि चम्पा बाग एवं निरंजनी अखाड़ा की इस भूमि को राज्य सरकार ने 3 अक्टूबर 1981 को विश्वविद्यालय विकास के लिए अधिग्रहित किया था, जिसे 30 अक्टूबर 1981 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया। उच्च न्यायालय ने 30 मई 2024 को इस भूमि पर विश्वविद्यालय के अधिकार को वैध मानते हुए सभी पूर्व अपीलों और स्थगन आदेशों को समाप्त कर दिया, इसके बावजूद अब तक अवैध कब्जों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

सांसद ने कहा कि स्थगन आदेशों की अवधि में निजी व्यक्तियों ने न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करते हुए अवैध रूप से भवन निर्माण, वाणिज्यिक गतिविधियाँ, निजी सड़कें और वाटिकाएं विकसित कर दीं, जो अदालत की अवमानना है। उन्होंने बताया कि जनजाति बहुल उदयपुर संभाग में बढ़ती छात्र संख्या के कारण विश्वविद्यालय को विस्तार हेतु भूमि की अत्यंत आवश्यकता है। वर्तमान बाज़ार दर के अनुसार इस भूमि का मूल्य लगभग ऋ्य. 4000 करोड़ आंका गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े लंबित कार्य, विशेषकर धारा 5(ए) की प्रक्रिया, समयबद्ध पूरी करवाई जाए ताकि उच्च न्यायालय के निर्णय का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

## रेलवे लाइन में कार्यरत मजदूर से लूट, तीन गिरफ्तार

### आबूरोड रीको थाना पुलिस ने चौबीस घंटों में पकड़े आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबूरोड रीको थाना क्षेत्र में मजदूर से हुई लूट की वारदात का पुलिस ने चौबीस घंटों में राजफाश कर लिया। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मजदूर तारंगा हिल्स रेल लाइन में कार्यरत है। आरोपी लूट के बाद उसे पत्थर से चोटिल कर भाग गए थे। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत ने बताया कि यहां तारंगा हिल्स रेलवे लाइन में काम कर रहे झारखंड निवासी हरेन्द्रकुमार ने रिपोर्ट देकर बताया कि गत 24 नवम्बर को वह सियावा के पास खड़ा था। इस दौरान तीन युवक आए तथा उसका मोबाइल लूट ले गए। पीछा करने पर सिर में पत्थर मारकर चोटिल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम गठित की तथा आरोपियों का सुराग ढूंढा। लूट मामले में पुलिस ने भैंसासिंह हाल चंद्रावती निवासी अशोक पुत्र हकमाराम गरासिया, मिथाराम उर्फ मीठा पुत्र मेनाराम गरासिया व उगरानियों की ढाणी (गिडा-बालोतरा) निवासी तेजराज उर्फ नरेश पुत्र लक्ष्मणराम मेघवाल को गिरफ्तार कर लिया।

## राज्यमंत्री ने संविधान दिवस पर बाबा साहेब को किया याद

### संविधान दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पंचायतीराज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने संविधान दिवस की 76वीं वर्षगांठ पर बाबा साहेब को याद किया। अम्बेड्कर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब को माल्यार्पण कर नमन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने कहा कि यह दिन हमारे लिए बेहद खास दिन है। हमारे देश ने इस दिन संविधान को अपनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार इस दिन को मनाए जाने की शुरुआत वर्ष 2015 से की थी। यह दिन हमें उन दूरदर्शी लोगों की याद दिलाता है, जिन्होंने हमारे गणतंत्र की नींव रखी और हमें ऐसे मूल्य सौंपे जो हमारी राष्ट्रीय यात्रा को दिशा देते हैं। बाबा साहेब अंबेडकर की ओर से देखे गए भविष्य को बनाने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता जताई। इस अवसर पर जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित, प्रधान हसमुख मेघवाल, पूर्व उप मंत्री भूपेंद्र देवासी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ताराराम माली, बाबूलाल सगरवंशी, नगर अध्यक्ष चिराग रावल, महिपाल चारण, महामंत्री प्रकाश पटेल, कैलाश मेघवाल, राजेन्द्रसिंह चौहान, गोविंद सैनी समेत कई लोग मौजूद रहे। उधर, राजकीय महाविद्यालय शिवगंज में प्राचार्य डॉ रवि शर्मा व अतिथियों ने संविधान दिवस मनाया। भाषण व पोस्टर प्रतियोगिता भी हुई। प्रो.बंशीलाल, दिनेश मीणा, गोविंद छीपा, कैलाश मीणा आदि मौजूद रहे।

## टसकोला में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, 285 ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा संचालित स्वास्थ्य लाभ अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत टसकोला में चतुर्थ विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीताराम मंदिर के महंत प्रेम दास महाराज द्वारा विधिवत रूप से किया गया। एनजीओ संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी के निर्देशन में लगे इस शिविर में निम्स हॉस्पिटल, जयपुर की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में कुल 285 लोगों ने चिकित्सा परामर्श एवं उपचार लाभ लिया, साथ ही 17 व्यक्तियों का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन हेतु पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक बंशीधर सैनी, भाजपा प्रवक्ता जयपुर जिला देहात उत्तर राजेश शर्मा, भाजपा कोषाध्यक्ष जयपुर जिला देहात उत्तर विमल गर्ग, पूर्व सरपंच मुकेश कुमार सैनी, अर्जुन लाल यादव, कैलाश चंद सैनी, हरिद्वारी लाल स्वामी, गणेश सैनी बिलाली, मनोज कुमार सैनी, अभिषेक बसवाल सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# वीडीयो के निलंबन की मांग को लेकर 20 वें दिन धरना समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अनूपगढ़ विकास अधिकारी विनोद कुमार रेगर के निलंबन को लेकर अनूपगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र के 32 ग्राम पंचायतों के सरपंच बैठे थे धरने पर वह दो प्रशासक बैठे थे आमरण अनशन पर ग्राम पंचायत 90 जीबी के प्रशासक जरनैल सिंह जम्मू वह 4 एमएसआर ग्राम पंचायत के ग्राम पंचायत के प्रशासक सुभाष साहरण बैठे थे आमरण अनशन पर लगातार धरने को लेकर प्रशासकों ने प्रशासन और सरकार को चेतावनी दी कि यदी पंचायत समिति के विकास अधिकारी को समय रहते नहीं हटाया तो हम मंगलवार को हमारी ग्राम पंचायतों में टंकीयों पर चढ़ जायेंगे। इसी बात को लेकर मंगलवार को उग्र हो गया जब तीन प्रशासकों सहित नौ लोग ओवर हेड पर चढ़ गये। लगातार दबाव को देखते हुए राज्य सरकार ने विडीयो विनोद कुमार रेगर को जयपुर एपीओ कर दिया।



इस बात को लेकर 32 ग्राम पंचायतों के प्रशासक पिछले 19 दिनों से धरने पर बैठे थे। इन में से दो पंचायत प्रशासक जरनैल सिंह जम्मू व सुभाष चन्द्र साहरण 13 दिनों से अनशन पर बैठे थे। आंदोलनकारियों ने एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन चस्पा कर चेतावनी दी थी कि यदी मंगलवार तक श्याम 5 बजे तक हमारी मांगे पूरी नहीं तो वे पानी की टंकी पर चढ़ जायेंगे। चेतावनी के अनुसार मंगलवार शाम ग्राम पंचायत 4 एलएम के एल सी डाबला, ग्राम पंचायत 3 एनडी के प्रशासक प्रतिनिधि प्रेमकुमार, ग्राम पंचायत खोखला वाली के प्रशासक गोपीराम और 59 जीबी के पति काला सिंह स्थित 3 एनडी के ओवर हैंड पर चढ़ गये। गत रात्रि को 8.45 स्थिति और गंभीर हो गई जब ग्राम पंचायत 22 ए के प्रशासक दिनेश शर्मा,नाहारांवाली के प्रशासक पिराराम और तीन ग्रामीणों ने गांव 9 एलएम के ओवर टैक पर चढ़कर समर्थन जताया। गत रात्रि को पूर्व विधायक पवन दुग्गल ने सभी को बताया कि विकास अधिकारी विनोद कुमार रेगर को एपीओ कर दिया है और लिखित आदेश की कापी दिखाई जिस पर सभी 32 प्रशासकों ने सहमति दी और प्रशासन की मौजूदगी निचे उतरे वह राजस्थान सरकार को धन्यवाद दिया।

आज पंचायत समिति परिसर में दो अनशन कारियों का अनशन पवन दुग्गल की मौजूदगी में तुड़वाया गया। आज प्रशासकों में भागीरथ शर्मा, प्रधान पंचायत समिति गोपाल बांग्ला, भजनलाल कामरा , देवेन्द्र सिंह राठौड़ सहित अनेकों मंडी वह आसपास के लोगों ने अनशन तुड़वाया वह संघर्ष की जीत बताया।

## एसआईआरः बेहतर प्रदर्शन के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर, वॉलिंटियर्स का हो रहा सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत श्रीगंगानगर जिले में परिगणना कार्य प्रगति पर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की प्रेरणा और मार्गदर्शन से जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में परिगणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण, डिजिटलीकरण कार्य किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू निरंतर समीक्षा करते हुए समस्त कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित कर रही हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों की अनुपालना में विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अभिनव पहल के तहत बेहतर कार्य करने वाले बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) को पहचान कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। स्वयं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ, सुपरवाइजर, वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया जा रहा है। बुधवार सायं 4 बजे तक 160 बीएलओ द्वारा शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उल्लेखनीय कार्य करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त बीएलओ को सम्मानित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो बीएलओ समय पर, गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित कार्य कर रहे हैं, उन्हें तत्परता से सम्मानित किया जाए ताकि बीएलओ सहित समस्त कार्मिकों में मनोबल बना रहे।

## साइबर ठगी करते हुए दो युवक गिरफ्तार और दो बाल अपचारी किए निरुद्ध

### आधा दर्जन मोबाइल और 2 बाइक जप्त

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने दबिश देकर साईबर ठगी करते हुए 2 युवकों को गिरफ्तार कर 2 बाल अपचारियों को निरुद्ध कर उनके कब्जे से 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 2 बाइक जप्त की है। खोह थाना प्रभारी के शिव लहरी मीणा के अनुसार डीग जिले एस पी ओमप्रकाश मीणा द्धारा ऑनलाईन ठगी के करने वालो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ए एस पी अखलेश शर्मा और सी ओ सीता राम बैरवा के निर्देशन में ए एस आई जय सिंह ने मय जाप्ता के मुखबिर सूचना पर कस्बा खोह से पाहोरी नहर पटरी वाले रास्ते चौघाडी के जंगल में दबिश देकर आसिफ 19 बर्ष पुत्र आसम मेव निवासी रूंध खोह थाना खोह और हरिओम 19 वर्ष पुत्र महेंद्र गुर्जर निवासी गांव हयात पुर थाना खोह जिला डीग को साइबर ठगी करते हुए गिरफ्तार कर 2 बाल अपचारियों को निरुद्ध किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से आधा दर्जन एंड्राइड मोबाइल और दो बाइक जप्त की है। जबकि उनके 2 साथी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए।

खोह थाना प्रभारी मीणा ने बताया है कि पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को देख कर फरार हुए युवकों के नाम साकिर पुत्र रहमल मेव निवासी रूंध खोह थाना खोह और सोनू पुत्र मान सिंह गुर्जर निवासी हयातपुर थाना खोह बताए है । गिरफ्तार आरोपियों ने बताया है कि वह आर्मी ऑफिसर बन कर लोगो से ऑनलाइन सामान खरीदने का झांसा देकर और लोगो के मोबाइल पर आन लाइन पेमेंट का फेक मैसेज डाल कर फिर लोगों से गलती से पेमेंट डलने का झांसा देकर वापिस पैसे डलवा कर आन लाइन ठगी करते है।

# आलोक संस्थान में ‘संस्कार ध्यान सभा’ का आयोजन

## अभिभावकों और छात्रों को मिला जीवन का अर्थ खोजने का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** आलोक संस्थान में सोमवार को आयोजित ‘संस्कार ध्यान सभा’ में छात्रों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर जीवन के गहरे अर्थ को समझने का सार्थक प्रयास किया। अखिल भारतीय नववर्ष समारोह समिति और आलोक संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. प्रदीप कुमावत ने जीवन, सफलता, असफलता और मानसिक संतुलन पर विस्तृत और प्रेरक विचार साझा किए।

डॉ. कुमावत ने कहा कि असफलता जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है, इसलिए केवल सफलता को ही अंतिम लक्ष्य मानना उचित नहीं। उन्होंने समझाया कि जीवन की असली उपलब्धि अपने भीतर छिपे अर्थ को पहचानने, कठिनाइयों का सामना करने और चुनौतियों से सीखने में है। हाल के वर्षों में बढ़ते तनाव और आत्महत्या के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा और करियर के नाम पर बच्चों पर अत्यधिक दबाव डालना अभिभावकों की बड़ी भूल है। उन्होंने कहा कि



हर समय बच्चों को सुरक्षित घेरे में रखना उनके विकास को सीमित करता है। अभिभावकों का दायित्व है कि वे बच्चों को कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर चुनौतियों का सामना करना सिखाएँ। तनावमुक्त शिक्षा वातावरण के निर्माण में घर और विद्यालय दोनों की समान भूमिका है, इसलिए अभिभावकों को सकारात्मक और संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा। देशभर के अभिभावकों और शिक्षण संस्थानों के लिए संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल जीतना नहीं, बल्कि जीवन को समझना और सही तरीके से जीना सिखाना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने ध्यान और प्राणायाम का अभ्यास करवाया तथा इसे रोजमर्रा की दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया। प्रारंभ में प्राचार्य शशांक टांक ने स्वागत उद्बोधन दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रतीक कुमावत ने किया।

# आचार्य देवेंद्र मुनि स्मृति स्थल पर करुणा, संयम और सद्भाव का दिव्य संदेश

## देवेन्द्र धाम पर हुआ आचार्य महाश्रमण व आचार्य पुलक सागर महाराज का मिलन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** श्रमण संघीय आचार्य श्री देवेंद्र मुनि जी म.सा. के पावन स्मृति स्थल श्री देवेंद्र धाम परिसर में सोमवार को आध्यात्मिक सद्भाव का प्रेरणादायी दृश्य साकार हुआ। यहां तेरापंथ आचार्य महाश्रमण म.सा. एवं दिगम्बर आचार्य पुलक सागर म.सा. का सौहार्दपूर्ण, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक मिलन हुआ। इस अवसर पर दोनों आचार्यों ने धर्म एकता, संयम और मानव कल्याण का संदेश दिया। संयुक्त महामंत्री मनसिंह रांका ने बताया कि तीन परंपराओं का यह मधुर संगम देखने योग्य रहा तथा धर्म के उच्च आदर्शों को नई दिशा प्रदान करने वाला साबित हुआ। आचार्यों के आगमन पर साधुदृसाध्वियों एवं श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास से स्वागत कर इस दिव्य क्षण को अविस्मरणीय बना दिया। इस मधुर मिलन पर ट्रस्ट से सुरेश बड़ाला, वैभव डांगी, संगीता वरडिया, श्यामला वरडिया, रोनक भड़विया सहित प्रमुख गणमान्यजन उपस्थित रहे। वहीं महिला मंडल से संध्या नाहर, ऐश्वर्या पगारिया, रंजना चाजेड़, झंकार मोहरा, अनीता भंडारी, रेखा जैन आदि की विशेष उपस्थिति रही। यह जानकारी सहमंत्री हिम्मत मेहता द्वारा दी गई।

## फिरोजपुर फीडर निर्माण के समय सिंचाई व पेयजल व्यवस्था में न आए समस्याः बराड़

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** सादुलशहर विधायक श्री गुरवीर सिंह बराड़ ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार की बजट घोषणा अनुसार फिरोजपुर फीडर का निर्माण जल्द ही शुरू होगा। फिरोजपुर फीडर के निर्माण कार्य के दौरान किसानों को सिंचाई पानी की किसी भी प्रकार की समस्या ना आए, इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई व पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखना राज्य सरकार और उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक बराड़ ने बताया कि इस विषय को लेकर उनकी माननीय मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा हुई है। माननीय मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि किसानों और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## साहू सेना ब्यावर ने प्रशासनिक अधिकारियों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** साहू सेना ब्यावर जिला कार्यकारिणी द्वारा बुधवार को ब्यावर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले में उत्कृष्ट सेवाओं और जनहित के लिए किए जा रहे सफल प्रयासों की सराहना की गई। साहू सेना ने स्क्ष्क्र के प्रभावी संचालन एवं सफल क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर कमलराम मीणा का सम्मान किया नशामुक्त भारत अभियान के तहत बेहतरीन कार्य एवं सक्रिय पुलिसिंग के लिए जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह को सम्मानित किया गया।

जिले में बेहतर चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराने एवं आभा आईडी कार्ड अभियान को प्रभावी बनाने के लिए सीएमएचओ संजय गहलोत का भी स्वागत व सम्मान किया गया। समारोह के दौरान सीएमएचओ संजय गहलोत ने साहू सेना द्वारा आमजन के हित में लिए गए निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर के निर्णय की प्रशंसा की और साहू सेना जिला अध्यक्ष विजय नारायण साहू का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया नशा मुक्त अभियान में प्रभावी कार्रवाई एवं पुलिस की सतर्कता को देखते हुए सिटी थाना अधिकारी आशुतोष पांडे को भी साहू सेना की ओर से मोमेंटो व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों के प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए नियमित कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम में साहू सेना के संरक्षक बाबूलाल अजमेरा, पिंटू साहू, कैलाश शिशोदिया, पप्पू अजमेरा, जिला अध्यक्ष विजय नारायण साहू, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष निलेश आसरवा, रोजगार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विकास गुलानिया, जिला उपाध्यक्ष दामोदर मेहरानिया, महावीर गहलोत, जिला महामंत्री कमल साहू (क्रष्ठ ह्दग2ह्य), तारेष साहू, कोषाध्यक्ष राजेश पंचोली, सह कोषाध्यक्ष मयंक गहलोत, सह सचिव लेखराज आसरवा, संगठन मंत्री ओमप्रकाश आसरवा, मंत्री सागर धावा, अनिल पंचोली, चंदू धावा सहित समाजबंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे समारोह ने समाज और प्रशासन के बीच मजबूत सहयोग की सकारात्मक मिसाल प्रस्तुत की।

## छात्राओं ने श्रृंखला बनाकर रचा संविधान, दिलाई गई मतदाता जागरूकता शपथ



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुर में मंगलवार को राष्ट्रीय संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि नौरत पानगडिया तथा अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रेम शंकर जोशी ने की। इस अवसर पर छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर संविधान शब्द की आकर्षक आकृति प्रस्तुत की, जिसके माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता लता परिहार ने बताया कि शपथ ग्रहण से पूर्व अतिथियों ने छात्राओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने घर-परिवार में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के बारे में चर्चा कर अभिभावकों को जागरूक करने का आह्वान किया। साथ ही परिगणना प्रपत्र को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन भरवाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य जोशी ने 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण कर रही छात्राओं से अपने क्षेत्र के बीएलओ के माध्यम से अग्रिम मतदाता पंजीकरण करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा मतदाताओं की भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय परिवार की सावित्री वैष्णव, संगीता व्यास, भावना शर्मा, सपना बलाई, मीना सिंघवी, रामजस रेगर, कुलदीप सिंह, अनिल कुमार और बैनाथ बेरवा का विशेष सहयोग रहा।

## श्री महावीर व्यायामशाला, भीलवाड़ा ने महान अभिनेता धर्मेंद्र को अर्पित किए श्रद्धासुमन



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की स्मृति में श्री महावीर व्यायामशाला, भीलवाड़ा द्वारा झलकारी बाई सर्किल पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। व्यायामशाला के सदस्यों ने धर्मेंद्र के सशक्त अभिनय तथा युवाओं को फिटनेस और बॉडी बिल्डिंग के प्रति प्रेरित करने वाले उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि धर्मेंद्र ने अपनी फिल्म 'जुल्म की हकीकत' में पीतांबर कोली का किरदार निभाकर कोली समाज को नई पहचान दिलाई थी और मुंबई शहर के निर्माण में समाज के योगदान को रेखांकित किया था। सभा में उनकी प्रसिद्ध फिल्म 'शोले' का लोकप्रिय संवाद दोहराकर उन्हें अनोखे अंदाज में श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश सुनारिया, उस्ताद बुद्धि प्रकाश, मोतीसिंह मंडिया, देवीलाल, मोतीलाल आमेरिया, शंकरलाल बोथेडिया, उदयलाल, सुभाष, महेंद्र कुमार, दौलतराम, महेश, हेमराज, किशन आमेरिया सहित कई युवा साथी उपस्थित रहे। सभी ने इस महान कलाकार की स्मृति को नमन किया।

## संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कृषि विज्ञान केंद्र में गोष्ठी हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्र के कीट वैज्ञानिक प्रोफेसर हरीश वर्मा ने संविधान उद्देशिका का वाचन करते हुए बताया कि संविधान से हम समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर रहने की प्रेरणा मिलती हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि संविधान दिवस का उद्देश्य संविधान की सोच, संवैधानिक सिद्धांतों और नागरिक कर्त्तव्यों के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना है।

यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जताया विरोध

# एमजीएच में नर्सिंग पोस्ट पूरी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** महात्मा गांधी चिकित्सालय (एमजीएच) में रिक्त पड़े नर्सिंग पदों और नर्सेज की कमी के संबंध में आ रही परेशानियों को लेकर बुधवार को राजस्थान नर्सेज यूनियन ने बड़ा प्रदर्शन किया। यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में नर्सेज ने महात्मा गांधी अस्पताल के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन जिला कलेक्टर जस्मीत सिंह संधू, और अधीक्षक डॉक्टर अरुण गोड़ को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि महात्मा गांधी चिकित्सालय में वर्तमान में लगभग 36 नर्सिंग के पद रिक्त पड़े है । इसके बावजूद, अस्पताल में दोगुनी संख्या में मरीजों के लिए बेड उपलब्ध करवाकर सेवाएं दी जा रही हैं, जिसके कारण कार्यरत नर्सेज पर कार्य का अत्यधिक दबाव है और गुणवत्तापूर्ण सेवा देने में परेशानी आ रही है।

यूनियन के मेडिकल कॉलेज अध्यक्ष निरंजन चम्पावत ने बताया कि जिला कलेक्टर जस्मीत सिंह संधू, विधायक गोपाल खंडेलवाल, पूर्व विधायक वि_ल शंकर अवस्थी द्वारा सीएमअचओ को बात करने के बाद 10 स्टाफ लगाने पर सहमति बनी., लेकिन यह संख्या वर्तमान परिस्थितियों के सामने अपर्याप्त है। ज्ञापन में जिला कलेक्टर से आग्रह किया गया है कि अस्पताल में



मरीजों की संख्या और उपलब्ध बेड को देखते हुए तुरंत 40 स्टॉफ की व्यवस्था करने की कृपा करें, ताकि चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

इस विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान राजस्थान नर्सेज यूनियन के लक्की ब्यावट (जिलाध्यक्ष), निरंजन चंपावत, गिरिराज लड्ढा, अंकित काबरा, ललित जीनगर, करण सिँह सिसोदिया, दिनेश खटीक और नर्सिंग अधीक्षक दुर्गा लाल मीणा, ओमप्रकाश जैन, वीना फिलिप,सीमा सेन, पवन सिंगल, काशीराम नायक, सत्यनारायण सोनी, सतीश शर्मा, सिराज खान, दिनेश पांडे, दिनेश तिवारी, अहसान मोहम्मद, हेमंत गर्ग, सत्यनारायण ढोली, अनीता चौधरी, ममता बंदेला, अनीता खोईवाल, प्रेम बेरवा, निर्मल चौधरी, रजिया सुल्ताना, लक्ष्मी बेरवा, मंजू रेगर, बीजूमैथ्यू, प्रेमचंद खटीक, जगदीश धाकड़, प्रेमलता कोहली, रचना श्रोतरीय, दिलखुश वर्मा, राकेश राठौड़, फरीद मोहम्मद, डेविड शर्मा, दीपक डीडवानिया, पवन टेपन और पप्पू रेगर सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर ब्यावर जिला न्यायालय में गूंजा प्रस्तावना का स्वर, बड़े सम्मान से हुआ सामूहिक वाचन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर के निर्देशानुसार बुधवार को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय परिसर, ब्यावर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता, जिला कलेक्टर श्री कमल कुमार मीना, जिला पुलिस अधीक्षक श्री रतन सिंह, एडीजे-1 डॉ. वीनु नागपाल, एडीजे-2 श्रीमती गिरीजा भारद्वाज, एडीजे-3 श्री विजयप्रकाश सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कमल कुमार, तथा न्यायिक अधिकारी श्रीमती कोमल मोटियार, प्रवीण चौहान, पंकज सांखला, मोनिका चौधरी, सतीश फनीन, हर्षित शर्मा उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त बार संघ से अधिवक्ता नरेन्द्र शर्मा, सुनील कौशिक, सुनील जैन, दिनेश टेलर, नरपत सिंह, जयप्रकाश जांगिड, प्रवीण जैन, राकेश प्रजापति सहित अनेक गणमान्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीजे-3 श्री विजयप्रकाश सोनी ने कहा कि संविधान सर्वोपरि है और प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संविधान की भावना, आदर्शों और मूल्यों का पालन करे। उन्होंने लोकतंत्र को सशक्त बनाने में नागरिकों की भूमिका पर बल दिया। इसी क्रम में जिला कलेक्टर कमल कुमार मीना ने समानता, अधिकारों और कर्तव्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना हमें सदैव मार्गदर्शन करती है बार संघ सचिव अधिवक्ता नरेन्द्र शर्मा एवं व्याख्याता कृष्ण गोपाल ने भी संविधान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन कोमल मोटियार, एसीजेएम ब्यावर ने किया कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, पुलिस स्टाफ और न्यायालय कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने मिलकर संविधान की गरिमा को नमन किया।

## युवाओं से सक्रिय मतदाता बनने का आग्रह

### संविधान दिवस पर पीएमश्री राजकीय महाराणा उ.मा. विद्यालय कपासन में मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर के मुख्य मार्ग स्थित पीएमश्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय कपासन में बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता शपथ कार्यक्रम का प्रधानाचार्य यशवंत कुमार जागेटिया की उपस्थिति में आयोजन किया गया।जिसमे स्थानीय विद्यालय परिवार सहित विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोकतंत्र के प्रति निष्ठा व्यक्त की गयी।साथ ही उपस्थित वक्ताओं द्वारा विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग मास्टर ट्रेनर अश्विनी कुमार व्यास ने उपस्थित विद्यार्थियों सहित विद्यालय के शिक्षकों एवं कार्मिकों को मतदाता शपथ दिलाते हुवे कहाकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्र विद्यार्थी अपने परिवार एवं स्वयं के गणना प्रपत्र शीघ्र बूथ लेवल अधिकारी के समक्ष उपलब्ध करावे।जिससे मतदाता आगामी चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।कार्यक्रम में बीएलओ सुपरवाइजर शंकरलाल सेन द्वारा मतदान को प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य एवं मजबूत लोकतंत्र हेतु अधिकाधिक मतदान को अतिआवश्यक बताते हुवे युवा वर्ग से सक्रिय मतदाता बनने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय सदस्य मुश्ताक अली, मदनलाल जाट,ज्योति तुल्छिया,प्रकाशचंद्र नन्दवाना, मोहित दाधीच,राजेश बुनकर,नवीन वर्मा,शांति कुमारी, नाजिमा बानो,शंकरलाल पिलानिया,गुंजन कुमारी, हेमलता शर्मा,प्रमोद कुमार बारेगामा,विमला देवी, प्रशिक्षु अध्यापिकाओं सहित विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम के अंत में आभार उपप्रधानाचार्य इरफान अली द्वारा व्यक्त किया गया।

## मिशन वात्सल्य योजना की त्रैमासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (नि.स.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना के तहत गठित जिला बाल कल्याण एवम संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। एडीएम मीणा ने कहा कि समाज, जिला, राज्य एवं देश में बाल श्रम एक ज्वलंत मुद्दा है जिसके लिए संबधित विभागों के समन्वय से संबंधित आयोग के मंशानुसार जागरूकता एवं जिले के संभावित बालश्रम के जगहो को चिन्हित कर कार्यवाही करनी चाहिए। राष्ट्र को विकसित बनाने के लिए बच्चे की सही दिशा व दशा महत्वपूर्ण हैं। बच्चो की उर्जा का प्रयोग सही दिशा में एवं शिक्षा से जोडक़र जिले मे बालश्रम, बालविवाह रोकथाम पर सकारात्मक प्रगति लाई जा सकती हैं। बाल संरक्षण मुद्दों को गंभीरता से लिया जाये संबंधित विभागों को बाल संरक्षण को प्राथमिकता देने और बच्चों के विकास के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सहायक निदेशक बाल अधिकारिता एवं जिला बाल संरक्षण इकाई हुकमचंद जाजोरिया ने योजना के तहत संचालित सभी बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड समस्त बाल देखरेख संस्थान एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रगति व निस्तारित प्रकरण की विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों के संयुक्त रूप से बाल संरक्षण हेतु कार्य किया जाना अपेक्षित है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा, (नि.स.)।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में आज निंबाहेड़ा में संविधान दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस निंबाहेड़ा (जिला चित्तौडग़ढ़) तथा भीम आर्मी जिला चित्तौडग़ढ़ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर बस स्टैंड पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्प वर्षा एवं नमन के साथ हुई। उपस्थित जनसमूह ने जय भीम-जय संविधान के जयकारों के बीच बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजन के मुख्य अतिथि बिहारीलाल सोलंकी (पूर्व पार्षद), प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद, नई दिल्ली रहे। अध्यक्षता संपतलाल राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामचंद्र बामनिया (पूर्व पार्षद एवं प्रदेश महासचिव), जयसिंह मीणा (जिला अध्यक्ष), प्रकाश मेघवाल (जिला संयोजक, भीम आर्मी), गणेश डामोर (जिला अध्यक्ष, सफाई मजदूर कांग्रेस), किशन कोटियाना, राजेश रति (नगर अध्यक्ष) सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

माल्यार्पण के बाद विचार गोष्ठी एवं आमसभा का आयोजन हुआ। जयसिंह मीणा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए संविधान की महत्ता एवं बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि बिहारीलाल सोलंकी ने संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और हमें जाति-धर्म से ऊपर उठकर सबको साथ लेकर चलना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को उन्नति का मूल मंत्र बताते हुए सरकार की योजनाओं में जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। रामचंद्र बामनिया, संपतलाल राठौर, प्रकाश मेघवाल, इंद्रजीत बारोट (प्रदेश सचिव, युवा प्रकोष्ठ), मुकेश मेघवाल (पूर्व पार्षद), राधेश्याम राव (जिला अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ), मांगीलाल बामनिया, किशन कोटियाना सहित अनेक वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त नगर अध्यक्ष अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस राजेश रति ने किया।

### उपस्थित जनसमूह

आयोजन में शांतिलाल लाडन्ना (पूर्व पार्षद), सुनील गावरी, मनोज गुर्जर (पूर्व नगर अध्यक्ष), पप्पू सिंगोलिया, रामचंद्र घीसलाल रावत, विनोद खोखर, नवीन राठौर, दिनेश पहाडिया, विजय कोटियाना, दिलखुश मीणा (ब्लॉक अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ), नरेंद्र रेगर, रतन जटिया, देवीलाल हुवासा, बंसीलाल दसोरा (सेवानिवृत्त पालिका अधिकारी), गोपाल वाल्मीकि, नाथूलाल जटिया, रतनलाल मेघवाल, रोहित मेघवाल, इंद्रमल भाभी (एडवोकेट) सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

संगम विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# संविधान के संरक्षक की भूमिका निभाएं युवाः जस्टिस अभय जैन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** संगम विश्वविद्यालय में दिनांक 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में ''युवाओं के परिप्रेक्ष्य में विकसित भारत/2047 का संविधानः चुनौतियाँ और संभावनाएँ'' विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कला एवं मानविकी संकाय एवं विधि संकाय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संगोष्ठी में राष्ट्रगीत के 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी गई।

कला एवं मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो डॉ राजीव मेहता द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि श्री अभय जैन द्वारा अपने विचार प्रस्तुत करते हुए युवाओं से संविधान के संरक्षक की भूमिका निभाने तथा 2047 तक विकसित




भारत के स्वप्न को साकार करने का आह्वान किया गया। इसके लिए उन्होंने प्रतिभागियों को ''लिबर्टी विद रेस्पोंसिबिलिटी'' का सूत्र प्रदान किया। विषिष्ठ अतिथि अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री विशाल भार्गव ने कहा कि संविधान में वर्णित लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना हेतु गली-मोहल्लों की समस्याओं को जनहित याचिका के माध्यम से निस्तारित किए जाने में युवाओं को समाज और न्यायपालिका के मध्य एक सेतु के रूप में कार्य करना चाहिए। विषिष्ठ अतिथि मुख्य न्यायिक न्यायाधीश श्री नगेन्द्र सिंह ने भारतीय संविधान की विकास यात्रा का वर्णन करते हुए बताया कि समय और परिस्थितियों में परिवर्तन के चलते भारतीय संविधान में संशोधन की गुंजाइश सदैव रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने भारतीय संविधान को देश में लागू होने वाले समस्त कानूनों का संगम बताया तथा इसे एक पथ प्रदर्शक के रूप में बताया। संगम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) करुणेश सक्सेना ने न्यायिक व्यवस्था के आधुनिकीकरण की सराहना करते हुए कहा कि इसमें रोबोटिक्स एवं आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस जैसी नव अवधारणाओं के प्रयोग पर भी विचार किया जा सकता है। उन्होंने कानून को गरीब की पहुँच तक लाने तथा लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निस्तारित किए जाने पर बल प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ ओमप्रकाश सोमकुवर द्वारा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।अंत में रजिस्ट्रार डॉ आलोक कुमार ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

# डॉ. गर्ग ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का किया दौरा

### विभिन्न कार्यक्रमों भाग लेकर सुनी लोगों की समस्यायें



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने बुधवार को भरतपुर दौरे के दौरान विभिन्न शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की और रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई कर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने भरतपुर दौरे के दौरान रणजीत नगर, न्यू सिविल लाइंस, स्वर्ण जयंती नगर, मौरोली खुर्द सहित अन्य ग्रामीण व शहर क्षेत्रों में पहुंचकर विभिन्न वैवाहिक समारोह में उपस्थित होकर वर वधुओं को आशीर्वाद देकर उनके सुखद दांपत्य जीवन व्यतीत करने की कामना की। इसके अलावा अन्य कई सामाजिक कार्यक्रमों में भी शिरकत की तथा लोगों सुख-दु:ख में भागीदारी निभाई। डॉ. गर्ग ने लोगों को क्षेत्र का निरन्तर विकास कराने का भरोसा दिलाते हुये समस्याओं का शीघ्र ही समाधान कराने का विश्वास दिलाया। उन्होंने रणजीत नगर कार्यालय पर भी लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों से उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिये निर्देशित किया।

# श्री कृष्णा कला मंच के 15 दिवसीय संगीत प्रशिक्षण सेवा का समापन



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** मंगल विहार कॉलोनी धौलपुर में संगीत की प्रतिमाओं को तरासने और निखारने के लिए जो 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था उसका मंगलवार को जिले के वरिष्ठ कलाकार मुख्य अतिथि मनमोहन झा के निर्देशन में संपन्न कराया गया। शिविर संयोजक डॉक्टर शरण बिहारी कौशिक ने बताया कि शिविर में कुल 27 छात्र छात्राओं ने भाग लिया सभी छात्रों ने वरिष्ठ कलाकार श्री मनमोहन झा साहब का गीत व सामूहिक प्रोग्राम करके उनका स्वागत किया और श्री कृष्ण कला मंच के 30 वर्षों के से किया जा रहे संगीत के लिए निरंतर कार्यों की सहाना की इस इस शिविर में 15 दिन तक मुख्य कलाकार प्रेमी का समाजसेवियों ने अपने समय व आशीर्वाद दिया । जिसमें मुरारी लाल दुबे, श्रीमती प्रतिभा गुप्ता ,(गायत्री परिवार) प्रवेश , डॉ राजवीर शर्मा, सत्य प्रकाश कौशिक , रानी गुरु मंदिर मचकुंड महंत रामदास (संरक्षक श्री कृष्ण कला मंच ) पूर्व प्रवक्ता रामदास मारिया, मनजीत सिंह टूंडला ,राधेश्याम जी सरमथुरा व मुकेश कौशिक और निशांत कौशिक तथा विशेष सहयोग सुरेन्द्र कुशवाहा व मुरारी लाल दुबे ने शिविर में विभिन्न दिनों में उपस्थित होकर बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया इस अवसर पर राघवेंद्र उपाध्याय (उपाध्यक्ष -श्री कृष्णा कलामंच) ने बच्चों को पेन ,फल ओर प्रमाण पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की की कामना करते हुए शिविर का समापन किया ।

# बसेड़ी से धौलपुर वाया अतरसूमा रूट पर 20 दिन से रोडवेज बस बंद, यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**बसेड़ी ( राजू शर्मा )।** बसेड़ी से धौलपुर वाया जारगा-अतरसूमा-सैंपऊ रोडवेज बस विगत 20 दिन से बंद होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसे लेकर सामाजिक विकास समिति प्रशासन काने ज्ञापन सौंप यात्रियों की समस्याओं से अवगत कराएगी। सामाजिक विकास फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश कुमार परमार ने बताया कि धौलपुर डिपो के इस रूट पर एकमात्र बस चलती हैं, इसे बंद कर देने से यात्रियों को जिला केंद्र तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। यह बस सेवा आज से लगभग 19 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे द्वारा जन सुनवाई कार्यक्रम में सामाजिक विकास समिति धौलपुर के निवेदन पर स्वीकृत की गई थी। इसे बंद करना अनुचित हैं। इस बस सेवा से बसेड़ी के अलावा खिडौरा, दौपुरा, बागथर, गुर्जा, झील, सलेमपुर, जारगा, अतरसूमा, ममोधन, रतनपुर, एकटा, गुलावली, कुनकुटा, बौरेली एवं सैंपऊ ब्लॉक की सहरौली, माकरा, सैंपऊ, ग्राम पंचायतों के यात्रियों को जिला स्तर पर आने-जाने की एकमात्र सुविधा मिल रही है। इस बस सेवा के द्वारा मरीजो, विद्यार्थियो, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को विशेष रूप से सुविधा मिल रही थी। जनहित को दृष्टिगत रखते हुए इस रूट पर बस को नियमित रूप से संचालित करने की ज़रुरत हैं। ज्ञापन पर श्यामलाल, सुरेन्द्र सिंह तोमर, बैजनाथ शर्मा, रामवीर सिंह, जलदेवी, हरिविलास, रमेश गौड़, सत्यवीर, रामदास, राहुल, घूरने सिंह, राजकुमारी सहित कई लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

### इनका कहना

स्टाफ की कमी के कारण 10 से 12 रुट पर रोडवेज बस सेवाएं बंद हैं। जल्द ही स्टाफ की कमी दूर हो जाएगी। उसके बाद रोडवेज बस को नियमित कर दिया जाएगा।

***जगजीत सिंह, मुख्य प्रबंधक रोडवेज बस धौलपुर।***

# जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में कन्यादान में गृहस्थी का सामान देकर की मदद

बढ़ता राजस्थान



**डीग ( नि.स. )।** डीग शहर के मोरी मोहल्ला स्थित कोली समाज के जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में पूर्व पंचायत समिति सदस्य पूनम शर्मा की पहल लोगो ने कन्यादान के रूप में गृहस्थी का सामान देकर मदद की। उन्होंने कन्या दान में 11 साड़ीया, बेडशीट, ट्रॉली बैग, 25 किलो चीनी ,एक पीपा, रिफाइंड , मिक्सी सिलाई मशीन, एक कट्टा आटा, प्रेशर कुकर ,एक जोड़ी चांदी की पायल , एक बाली सोने की, एक जोड़ी बिछुआ और 1100 रूपये की नगद राशि परिवार को भेंट की गई। एवं बारात की दावत के लिए संपूर्ण सब्जी की व्यवस्था की गई।

### संभाग स्तरीय अमृता हाट का शुभारम्भ

## सभी जिलों के विशेष उत्पाद एक ही स्थान पर होंगे उपलब्ध

# अमृता हाट के माध्यम से महिलाओं का हो रहा आर्थिक सशक्तिकरण -जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संभाग स्तरीय अमृता हाट मेले का जिला कलक्टर कमर चौधरी ने एमएसजे कॉलेज मैदान में बुधवार को विधिवत फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

जिला कलक्टर ने हाट में लगी सभी स्टॉलो का अवलोकन कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण में भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समुहों द्वारा तैयार उत्पाद शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण होते है। प्रदेशभर के सभी जिलों के समूहों द्वारा अमृता हाट में भागीदारी किये जाने से भरतपुर के नागरिकों को एक ही स्थान पर हर जिले के विशेष उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आज महिलाऐं स्वयं सहायता समुह के साथ कार्य करते हुए नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ समूह के माध्यम से अपने उत्पादों की पहचान बनाने के लिए अमृता हाट मेले का आयोजन किया जाता है। उन्होंने विभिन्न जिलों से समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये विशेष उत्पादों की सराहना की तथा अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुल सिंह ने कहा कि एसएचजी के उत्पाद गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित दरों के होते हैं इससे समूह को आत्मनिर्भर बनने में भी मदद मिलेगी। महिला अधिकारिता के उप निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि अमृता हाट में राज्य के सभी जिलों से महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व महिला आर्टिजन्स द्वारा स्वरोजगार हेतु निर्मित उत्पादों की स्टॉल लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि अमृता हाट का समय प्रात: 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा।

## प्रदेश भर से 82 एसएचजी ने लगाई स्टॉल

अमृता हाट में 82 स्टॉल एसएचजी द्वारा लगायी गयी हैं जिनमें श्रीगणेश एसएचजी बीकानेर के नमकीन पापड, राधिका एसएचजी जयपुर के चूर्ण सुपारी, छवि एसएचजी किशनगढ के मसाले हींग, राजबेटी एसएचजी भरतपुर के स्टोन उत्पाद, जय श्री श्याम एसएचजी जयपुर के जूट हैण्डीक्राफ्ट, रनजुल वंचित एसएचजी अजमेर के वुडन हैण्डीक्राफ्ट, श्री मातृकृष्ण एसएचजी अजमेर के पेचवर्क गुजराती उत्पाद, राजपाल एसएचजी भरतपुर के हैण्डमेड पर्स व अन्य सामग्री, सरस्वती एसएचजी झालावाड के हैण्डमेड कपडे व बैडसीट, शिव एसएचजी दौसा के गर्म कपडे, पीएनबी आर-सेटी भरतपुर के हैण्डमेड पेपर करी व बैग सहित आचार मुरब्बे खानपान की सामग्री व सभी जिलों के एसएचजी के विशेष उत्पाद की खरीददारी का अवसर भरतपुर के नागरिकों को मिलेगा।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सतेन्द्र गोयल, अरविन्द सिंह, बल्लू सिंह, एलडीएम प्रशांत कुमार, आर सेटी के निदेशक मलूकसिंह, सीडीपीओ कृष्णकांत शर्मा सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। संचालन अनुपमा चीमा ने किया।

# स्वास्थ्य सूचकांको में सुधार के लिए करें सार्थक प्रयास : जिला कलक्टर

- स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं
- सभी लाभार्थियों की पीसीटीएस सॉफ्टवेयर पर लाइन लिस्टिंग शत-प्रतिशत होनी चाहिए'

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर,(घनश्याम अवस्थी)। जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कहते हुए कहा कि स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग के कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कतई क्षम्य नहीं होगा। कलेक्टर ने प्रगति बाधक तथ्यों में सुधार की आगामी बैठक तक आवश्यकता जताते हुए सेवाओं की प्रदायगी में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है। तथा जिले की रैंकिंग टॉप-10 में होनी चाहिए।



चिकित्सा अधिकारियों को जिले में स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करने तथा महत्वपूर्ण योजनाओं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम व जननी सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना का बेहतरीन ढंग से संचालन कर इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने लाडो प्रोत्साहन योजना एवं जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभान्वित समस्त लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए एवं कहा कि जो बकाया भुगतान रहा है उनको शीघ्र अनिवार्य रूप से भुगतान करवाकर शून्य की स्थिति में लावे।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने, डाटा एंट्री ऑपरेटरो से सही डेटा रिपोर्टिंग करवाने, परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत दो बच्चों पर नसबंदी करवाने के लिए योग्य दंपतियों को प्रेरित करने तथा मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना अंतर्गत रोगी उपचार पर्ची की जो एंट्रियां बकाया चल रही है उन्हें शीघ्र ही ऑनलाइन करने एवं जिन चिकित्सा संस्थानां की डीडीसी प्रतिदिन खुलने एवं समय पर एंट्री करने तथा जिले की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कम प्रगति वाले चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियो को अविलंब सूचकांको में सुधार के लिए आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं एएनएम का सहयोग लेकर कार्य योजना अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

# भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत पेचवल, नॉन पेचवल व मिसिंग सड़कों के निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर डॉ. गर्ग ने जताई नाराजगी

- पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियन्ता को शीघ्र सड़कों का निर्माण कराने के दिये निर्देश
- कार्यादेश जारी होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं करने वाले संवेदक के खिलाफकार्यवाही करने के भी दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग ने भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के दौरे के दौरान सडकों की खराब हालत को देख सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र ही पेचवल व नॉन पेचवल तथा मिसिंग सडकों का निर्माण कराने के निर्देश देते हुये कार्यादेश जारी होने के पश्चात भी निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर संवेदक के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये, साथ ही शहर की विभिन्न कॉलोनियों की खराब सडकों को सीसी निर्माण कराने के भी भरतपुर विकास प्राधिकरण व नगर निगम के आयुक्तों को भी निर्देशित किया। डॉ. गर्ग ने भरतपुर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के दौरान पाया कि अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों की स्वीकृत सडकों के कार्यादेश जारी होने के पश्चात भी संवेदक द्वारा नॉन पेचवल व पेचवल तथा मिसिंग सडकों का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया है। जिस पर उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि शीघ्र ही स्वीकृत सडकों का निर्माण शुरू कराया जाये तथा संवेदक के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाये।

डॉ. गर्ग ने बताया कि जिरौली रोड, मौरोली खुर्द रोड, सैंथरा से नगला बधैय्या, सूती से पीपला, बहनेरा से नगला अभयराम, मुरवारा रोड सहित अन्य कई सडके पूरी तरह से खराब हो चुकी हैं। इन सडकों के निर्माण के कार्यादेश भी गत अगस्त 2025 को जारी हो चुके हैं लेकिन संवेदक की लापरवाही के कारण अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराये गये हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही है। उन्होंने शीघ्र ही इन सडकों का निर्माण कराने के निर्देश सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता को दिये हैं।

# तालाबों में आ रहे गटर के पानी को रोकने की मांग को लेकर युवाओं ने किया अनिश्चितकालीन धरना शुरू

## तालाबों में गटर का पानी नहीं रोकने पर आमरण अनशन की दी चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग शहर के युवाओं ने भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा के नेतृत्व में डीग के विश्व प्रसिद्ध जल महलो के दोनों ओर बने तालाबों के आ रहे गटर के गंदे पानी और गंदगी को रोकने की मांग को लेकर बुधवार से रूपसागर पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।



धरने पर बैठे भाजयुमो नेता शर्मा और अन्य युवाओं का आरोप है कि जिला प्रशासन और नगर परिषद प्रशासन की उदासीनता और अनदेखी के चलते पिछले एक दशक से शहर के मोरी मोहल्ला क्षेत्र से अधिकांश घरों की लैट्रिनो की गंदगी और घरों से निकलने वाला गंदा पानी नाले के माध्यम से गोपाल सागर में आ रहा है ।क्योंकि इस क्षेत्र में लोगों ने लैट्रिनो के टैंक भी नहीं बनवा रखे ।जिनकी गंदगी सीधे गोपाल सागर में आने वाले नाले में गिर रही है । जो इस नाले के माध्यम से गोपाल सागर में आ रही है ।जिससे गोपाल सागर और रूप सागर का पानी और दूषित होकर सड़ रहा है ।जिससे दोनों तालाबों में बड़ी संख्या में मछलियां मर रही है। जबकि 84 कोस परिक्रमा करने वाले दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु रूप सागर में स्नान करते हैं । प्रतिदिन हजारों हर देसी विदेशी सैलानी विश्व प्रसिद्ध जल महलो को देखने के आते है। जब तालाबों में गंदे पानी को रोकने और इनकी सफाई कराने की बात आती है तो जलमहल प्रशासन कहता है कि दोनों तालाब उसके स्वामित्व में नहीं है इनकी जिम्मेदारी नगरपरिषद की है ।लेकिन जब नगर परिषद प्रशासन से बात करते हैं तो नगर परिषद के अधिकारी कहते है कि दोनों तालाब पुरातत्व विभाग के हैं। जिसके कारण आज तक इस समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। धरने पर बैठे युवाओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए जिला प्रशासन ने ठोस और कार्रवाई नहीं की तो मजबूरन होकर उनका आमरण अनशन जैसा कदम उठाना पड़ेगा। धरने पर बैठने वालों में जतिन गुप्ता रघुवीर सैनी देवेंद्र गोविंदा नरेश सैनी राजीव कुलश्रेष्ठ शंकर सैनी कन्हैया डागुर बबलू आदि शामिल थे।

# पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार धूमधाम से मनाया गया 76वाँ संविधान दिवस

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर,( घनश्याम अवस्थी )।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय, राजस्थान सरकार के पंचायती राज विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा भरतपुर संभाग के धौल्पुर जिले में 76वाँ संविधान दिवस अत्यंत उत्साह, गरिमा और जन-भागीदारी के साथ मनाया गया। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सरपंचों, उप-सरपंचों, वार्ड पंचों, ग्राम विकास अधिकारियों, पटवारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशाओं,मंजरी फाउंडेशन के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, किसान उत्पादक संगठनों तथा आम ग्रामीण जनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सुबह 11 बजे ठीक एक साथ पूरे जिले में सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों, राजीविका क्लस्टर कार्यालयों, स्कूलों एवं पंचायत भवनों में भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद पंचायती राज मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में सभी ने संविधान के प्रति निष्ठा एवं मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ ली। विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा कि जिले भर में हजारों स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने अपने-अपने ग्राम पंचायतों में झंडा फहराया, देशभक्ति गीत गाए, नुक्कड़ नाटक किए तथा संविधान के मौलिक अधिकारों-कर्तव्यों पर चर्चा की। कई ग्राम पंचायतों में सरपंचों व ग्राम विकास अधिकारियों ने खुद माइक थामकर संविधान के महत्व को सरल भाषा में समझाया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अव्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने सभी सरपंचों, ग्राम विकास अधिकारियों एवं स्वयं सहायता समूहों को पहले ही विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसके परिणामस्वरूप जिले में 100: ग्राम पंचायतों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# शहर में सुबह-शाम हो रही पुलिस की गश्त का दिखने लगा असर

### कोचिंग और ट्यूशन सेंटरों के पास से मनचले हुए गायब,खड़ी बाइको पर पुलिस का एक्शन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में सुबह और शाम को पिछले कुछ दिनों से हो रही पुलिस की गश्त का अब असर देखने को मिल रहा है। राजस्थान पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिस के अधिकारी शाम के वक्त पैदल गश्त कर रहे है। वही सुबह वक्त ट्यूशन सेंटर और कोचिंग संस्थानों के आसपास भी पुलिस दिखाई दे रही है। जिसका असर यह है की बालिकाओ को तंग करने वाले मनचले अब गायब होइ गए है। सड़क पर खड़ी बाइकों को लेकर भी पुलिस कार्यवाही कर रही है।

ऐसे में शहर में दुकानों के आगे जहां सामान नही रखने को लेकर दुकानदारो ओर व्यापारियों से समझाइश की जा रही है। वहीं सड़क पर खड़ी बाइकों को लेकर पुलिस कार्रवाई कर रही है एडिशनल एसपी कमल कुमार जांगिड़ और बड़ी थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार लगातार व्यवस्थाओं के सुधार में जुटे हुए है। शहर में रविवार और सोमवार की शाम एडिशनल एसपी के नेतृत्व में किए गए गस्त के दौरान पुलिस ने जहां बैंकों के सामने बने एक निजी होटल के ठीक बाहर सड़क पर खड़ी 10 बाइको को जप्त किया गया। वहीं सैपऊ रोड पर पहुंच सड़क पर बज रहे बैंडबाजे को एक साइड कराया। जिससे यातायात प्रभावित नहीं हो। वही पुलिस ने महाराज बाग सर्किल पर छोले भटूरे की दुकान के बाहर लगे टेंट को हटाने के निर्देश दिए। 10 बाइकों को शहर के अलग-अलग स्थानों से जप्त कर चालान की कार्रवाई की है।

## लूट प्रकरण में पीड़ित व्यपारी से मिले नेता प्रतिपक्ष जूली




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि पुलिस गश्त को चैलेंज करते हुए दराती और पिस्तौल की नोंक पर लाखों रुपए की नगदी और गहने बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े लूटना पुलिस पर सवालिया निशान खड़े करता है। जूली तिजारा रोड स्थित राधा ज्वेलर्स के मालिक के साथ हुई घटना के बाद उनसे मुलाकात करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि अलवर और राजस्थान प्रदेश में बदमाशों के हौसले बुलंद है, बदमाश कानून व्यवस्था को चैलेंज करते हुए न केवल रात को बल्कि दिन में भी डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर में दो मंत्री होने के बावजूद भी कानून व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। जूली बोले बदमाशों के ऐसे हौसलों से व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने मामले को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक से अपराधियों की धरपकड़ के लिए बात की, जिला एसपी ने उन्हें 48 घंटे में अपराधियों को पकडने के लिए आश्वस्त किया।

## विद्यालयों में संविधान दिवस पर छात्रों को दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ उपखंड के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में बुधवार को संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों को भारत के संविधान, उसके मूल कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी दी गई तथा संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ दिलाई गई अधिकांश विद्यालयों में कार्यक्रम सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित किए गए। प्राचार्यों एवं अध्यापकों ने छात्रों को संविधान निर्माण, बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका और लोकतांत्रिक मूल्यों की महत्ता से अवगत कराया। इसके बाद सभी छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बताया गया कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के साथ उनके कर्तव्यों का भी मार्गदर्शन करता है। शिक्षकों ने कहा कि बाल्यावस्था से ही संवैधानिक चेतना विकसित करना आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ी जिम्मेदार नागरिक बन सके।

## कुंभलगढ़ केलवाड़ा थाना क्षेत्र के बलवास में अज्ञात लोगों ने लगाई आग, किसानों के घास के कुनबे जलकर राख-भारी नुकसान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** कुंभलगढ़ उपखंड के केलवाड़ा थाना क्षेत्र के बलवास गांव में बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा देने से किसानों के घास के कुनबे जलकर राख हो गए। इस घटना में ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।घटना की जानकारी मिलने पर सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह झाला ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद सभी लोग केलवाड़ा थाने पहुंचे और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि आग अचानक लगी और देखते ही देखते घास के ढेरों ने आग पकड़ ली। कई परिवारों का सालभर के पशुओं का चारा जलकर खाक हो गया।स्थानीय प्रशासन और पुलिस अब आग लगाने वाले आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## धोखाधड़ी के मामले में भीलवाड़ा के कैटरर्स को गिरफ्तार करने अलवर पुलिस भीलवाड़ा पहुंची,कैटर हुआ फरार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** धोखाधड़ी के गंभीर मामले में अलवर पुलिस बुधवार को भीलवाड़ा पहुंची, लेकिन आरोपी कैटरर प्रदीप जैन गिरफ्तारी से पहले ही फरार हो गया। मामला अलवर के तान्या रिसोर्ट में 16 जनवरी 2025 को आयोजित विवाह समारोह से जुड़ा है, जहां भीलवाड़ा के फूड कैटरर्स प्रदीप जैन और उसकी पत्नी सारिका जैन ने अलवर स्थित जसोरिया फूड्स एंड स्पाइसेज से क्रह्य. 2,64,881 मूल्य का खाद्य सामग्री का स्टॉक प्राप्त किया था। प्रार्थी हरीश जसोरिया ने बताया कि प्रदीप जैन ने शादी में कैटरिंग का काम मिलने के बाद 12 जनवरी को सामान की लिस्ट भेजी और 14 जनवरी को पूरा सामान रिसोर्ट पर भेज दिया गया। सामान प्राप्त करने के बाद आरोपी दम्पत्ति ने भरोसा देते हुए कहा कि अलवर छोडने से पहले भुगतान कर देंगे, लेकिन रातों-रात भुगतान किए बिना ही भीलवाड़ा भाग गए। जसोरिया द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि विवाह आयोजक पवन खंडेलवाल पूरा भुगतान प्रदीप जैन को पहले ही कर चुके थे। जसोरिया ने बार-बार फोन किया, लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा। 1 फरवरी 2025 को थाना कोतवाली अलवर में शिकायत दी गई। आरोपी ने भरोसा दिलाते हुए 27 फरवरी को क्रह्य. 2,00,000 का चेक भेजा, जो 10 मार्च की तारीख का था। यह चेक दो बार बैंक में लगाने पर भी डिसऑनर हो गया। इसके बाद भी आरोपी दम्पत्ति लगातार आश्वासन देकर समय निकालते रहे। अंततः 1 जुलाई 2025 को शहर कोतवाली में दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। कोतवाल रमेश सैनी ने कार्रवाई करते हुए एएसआई इलियास खान व एक कांस्टेबल को भीलवाड़ा भेजा। मोबाइल लोकेशन के आधार पर टीम रात 2 बजे आरोपी के घर पहुंची, लेकिन उसे भनक लग गई और वह पीछे के गेट से कार लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन वह दूसरे रास्ते से बच निकला और फोन भी स्विच ऑफ कर दिया।

### मत्स्य उत्सव के समापन दिवस पर भव्य कार्यक्रम हुए आयोजित

# लाल डिग्गी जलाशय पर अतुल्य अलवर इवेंट में दिया गया स्वच्छ व सुन्दर अलवर का संदेश

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** मत्स्य उत्सव के समापन दिवस पर आज विभिन्न भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। चार दिवसीय मत्स्य उत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में जिलेवासियों ने बढ़चढक़र उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी कार्यक्रमों में अपनी उपस्थित बडी संख्या में दर्ज कराकर इन कार्यक्रमों को सराहा है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने लाल डिग्गी जलाशय पर अपने संबोधन में कहा कि अलवर शहर को अतुल्य शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन निरन्तर कार्य कर रहा है। उन्होंने शहर के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि अलवर शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं एक आइडियल शहर बनाने में आमजन की सक्रिय भागीदारी की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि लाल डिग्गी जलाशय के साथ-साथ शहर एवं जिले के पर्यटन स्थलों को प्रकाश में लाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कडी में आज लाल डिग्गी जलाशय पर 'अतुल्य अलवर' की थीम पर यह आयोजन किया गया है। उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से सभी नागरिकों को मत्स्य उत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाने पर आभार व्यक्त किया। मत्स्य उत्सव के समापन कार्यक्रम के तहत ऐतिहासिक लाल डिग्गी जलाशय पर 'अतुल्य अलवर इवेंट' का आयोजन हुआ, जिसका शुभारम्भ जिला परिषद सीईओ श्री सालुखे गौरव रवीन्द्र, यूआईटी सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना एवं जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता ने किया। इस दौरान नगर निगम के द्वारा अतुल अलवर भी पर प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें अलवर में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण आदि के साथ-साथ उनके द्वारा किए गए कार्य एवं एनयूएलएम उत्पादों को दर्शाते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। वहीं लाल डिग्गी जलाशय पर 1100 दीपकों की दीपमाला के माध्यम से अतुल्य अलवर की थीम को दर्शाया गया, वहीं यूआईटी द्वारा लालडिग्गी में सौन्दर्यकरण व फव्वारे लगाने का कार्य कराया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी से सराबोर लालडिग्गी में चलते फव्वारे आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान आमजन ने स्वच्छता के लिए हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कर स्वच्छता का संकल्प लिया। कार्यक्रम में लोक कलाकारों एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें घूमर नृत्य मैत्रयी पालावत एवं ग्रुप द्वारा, लोकगीत गायन शाहरूख खां मेवाती, बांसूरी वादन श्री प्रीतम द्वारा प्रस्तुत किया गया, वहीं चरी नृत्य, राजस्थानी समूह गीत 'पधारो म्हारो देस', शिव तांडव, समूह गीत 'अलवर उत्सव', बैंड वादन के साथ-साथ जीडी कॉलेज की बालिकाओं व एपीएस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति व मन्नी का बड विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रदेशों के नृत्य की झलक की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। इस पर उपस्थित लोगों ने तालिया बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## राजसमंद में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साक्षरता रथ रवाना

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कलेक्ट्रेट परिसर से जिला कलेक्टर श्री अरुण कुमार हसीजा ने बुधवार को साक्षरता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ जिलेभर में साक्षरता जागरूकता अभियान का संदेश जन-जन तक पहुँचाएगा।सहायक परियोजना अधिकारी शंकर माली ने बताया कि साक्षरता रथ का प्रथम चरण 26 नवंबर 2025 से 20 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान रथ जिले के आठों ब्लॉकों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुँचकर लोगों को साक्षरता कार्यक्रम से जोडने का कार्य करेगा।उन्होंने बताया कि रथ पर प्रसारित होने वाली जिंगल रिंगटोन शिक्षा के महत्व को रोचक तरीके से बताएगी तथा साक्षरता विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करेगी। जिंगलों के माध्यम से यह जानकारी भी दी जाएगी कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लास एप की सहायता से असाक्षर व्यक्ति अपने निकटतम विद्यालय के शिक्षकों की मदद से या स्वयं भी पंजीकरण कर ई-साक्षरता वीडियो देखकर अध्ययन कर सकता है और वर्ष में दो बार आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर लाल बाल्दि, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) बिहारी लाल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उषा टेलर, जिला साक्षरता अधिकारी राजेंद्र गुर्जर, दीपक शर्मा, ललित सिंह रावत, हरिओम सिंह, अशोक शर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर स्काउट-गाइड की गतिविधियों से कराया अवगत, मासिक पत्रिका की भेंट

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** संविधान दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स, राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय अलवर के निर्देशन में ब्लॉक राजगढ़ में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें स्काउट-गाइड की मासिक पत्रिका भेंट की तथा ब्लॉक स्तर पर संचालित कार्यक्रमों से अवगत कराया ट्रेनिंग काउंसलर विजय सिंह बैरवा, कविता सैनी, रेंजर लीडर निकिता जांगिड़ और कोमल बलाई ने ब्लॉक की मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीणा से भेंट की। टीम ने उन्हें मासिक पत्रिका सौंपते हुए बताया कि स्काउट-गाइड द्वारा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भाव और व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। सीबीईओ मीणा ने शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास में स्काउट-गाइड की भागीदारी को सराहनीय बताया इसी क्रम में प्रतिनिधि मंडल ने ब्लॉक राजगढ़ की उपखंड अधिकारी सीमा मीणा से भी मुलाकात की और उन्हें स्काउट-गाइड की मासिक पत्रिका भेंट की प्रतिनिधियों ने उन्हें सामुदायिक सेवा, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास शिविर, स्वच्छता अभियान और अन्य चल रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।उपखंड अधिकारी सीमा मीणा ने संगठन द्वारा किए जा रहे प्रयासों को समाजहित में महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की बात कही।

## राजकीय महाविद्यालय के छात्रों ने गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूकता रैली निकाली



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** गवर्नमेंट कॉलेज में मतदाताओं को गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूक करने हेतु बुधवार को एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एनसीसी और स्काउट-गाइड परिवार के सहयोग से आयोजित की गई रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. के.एल. मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान विद्यार्थियों ने शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पैदल मार्च किया और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए नारे लगाए कार्यक्रम का समापन अस्पताल परिसर के सामने हुए वही छात्र-छात्राओं ने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाएँ लोकतंत्र को मजबूत बनाओ—मतदाता जागरूकता बढ़ाओ जैसे प्रेरणादायी संदेशों के माध्यम से जनता को जागरूक किया प्राचार्य डॉ. मीणा ने बताया कि भारत सरकार के निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं व नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोडने, संशोधन कराने और जागरूक बनाने से है। कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों को मतदाता अधिकारों व कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी भी दी गई कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड टीम तथा कॉलेज के शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## जिला कलक्टर ने ली राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के एमओयू की प्रगति की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट मीट के तहत विभिन्न क्षेत्रों में हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा कर एमओयू के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के तहत जिले से संबंधित एमओयू की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि एमओयू से संबंधित आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर निर्धारित टाइमलाइन में उनकी ग्राउण्ड ब्रेकिंग करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अलवर जिले में विकास की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए समस्त एमओयू के लिए निवेशकों के साथ नियमित फॉलोअप एवं विभागीय समन्वय स्थापित कर उन्हें मूर्तरूप देवे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को एमओयू से संबंधित आवेदनों की समीक्षा कर निवेशकों को आवश्यक सुविधा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने प्रक्रियाधीन एमआयूओ के संबंध में फीडबैक लेते हुए एडीएम शहर को निर्देश दिये कि विभिन्न विभागों के स्तर पर प्रक्रियाधीन एमओयू की नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग करें ताकि निवेशकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती बीना महावर, नगर निगम आयुक्त श्री सोहन सिंह नरुका, यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह नरूका, जीएम डीआईसी श्री एम.आर मीना, रीको के वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री परेश सक्सेना, सीडीईओ श्री महेश गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारत का गणतंत्र एक सुनहरी यात्रा-मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ

# हमारा संविधान हमारे राष्ट्र की रीड है-जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** हमारा संविधान राष्ट्र की मजबूत रीड है जो हमारी संस्कृतियों, भाषाओं, समुदायों, की अपार विविधता को कुशलतापूर्वक एकीकृत संघीय ढांचे में पिरोता है। यह बात आज भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) उदयपुर की ओर से भारत का गणतंत्र - एक सुनहरी यात्रा, वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष तथा भारतीय संविधान की 75 वर्ष की यात्रा पर गायत्री शक्तिपीठ राजसमंद के सभागार में लगाई गई तीन दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए जिला कलेक्टर राजसमंद श्री अरुण कुमार हसीजा ने कही। प्रारंभ में जिला कलेक्टर हसीजा ने प्रदर्शनी का शुभारंभ फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमें संविधान सभा की दूरदर्शिता और उन सिद्धांतों की याद दिलाता है जो भारत को एक मजबूत लोकतान्त्रिक देश के रूप में आगे बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है जो भारत के संविधान के गठन का प्रतीक है। यह दिन नागरिकों को संविधान में निहित मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने उपस्थित जनसमूह को संविधान की शपथ भी दिलाई तथा सुकन्या समृद्धि के नए खाताधारकों को पासबुक का वितरण भी किया गया। उद्घाटन सत्र में जिला परिषद राजसमंद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बृज मोहन बैरवा ने कहा की डॉ. अंबेडकर को संविधान का मसौदा तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई। लगभग 2 साल 11 महीने की मेहनत के बाद 1948 में मसौदा संविधान सभा के सामने रखा। इस मसौदे पर 11 सत्रों में चर्चा हुई। कुछ बदलावों के साथ 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा इसे अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को यह लागू हो गया तभी से हर वर्ष 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर संविधान में दिए गए मूल अधिकारों का सही उपयोग करने के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करने की भी अपील की। इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक आर.एल. मीणा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रदर्शनी के उद्देश्य एवं प्रदर्शनी के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं, वंदे मातरम के 150 वर्ष और संविधान की 75 वर्ष की उपलब्धियों को आकर्षक मल्टीमीडिया स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र भी आयोजित होंगे, जिनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी आमजन को अपनी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देंगे।

# आरएसएस-बीजेपी संविधान को कमजोर कर रहे- कांग्रेस

## ममता ने कहा- नागरिक अधिकारों के नाम पर डर का माहौल बना रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को आरएसएस-बीजेपी पर संविधान पर हमला करने और उसे कमजोर करने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सुनियोजित तरीके से संवैधानिक सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। पार्टी ने कहा कि वह पूरे देश में संविधान दिवस को संविधान बचाओ दिवस के रूप में मना रही है। उधर, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कोलकाता में संविधान दिवस पर कहा- नागरिकता अधिकारों के नाम पर, डर का माहौल बनाया गया है।

### हम संविधान पर हमला नहीं होने देंगे- राहुल

संविधान को गरीब का सुरक्षा कवच बताते हुए, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीटर पर पोस्ट में लोगों से यह प्रतिज्ञा लेने का आग्रह किया कि हम संविधान पर कोई हमला नहीं होने देंगे और कहा कि इस पर किसी भी हमले के खिलाफ खड़े होने वाले वह पहले व्यक्ति होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीजेपी पर संस्थानों को नुकसान पहुंचाने और संविधान का अनादर करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि संविधान के निर्माण में उनका कोई योगदान नहीं था, इसलिए इसका वर्तमान में सम्मान करना महज एक दिखावा और ढोंग है। बीजेपी राजनीतिक सुविधा के कारण संविधान के प्रति सम्मान दिखा रही है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-विदेश भागे आरोपी को वापस लाना देश का अधिकार

## 153 केस वाले आरोपी की याचिका खारिज, एफआईआर डिटेल लेने दुबई से आना पड़ेगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कानून से बचने के लिए विदेश भागे आरोपियों को वापस लाने का देश को पूरा अधिकार है। कोर्ट ने दुबई में रहने वाले विजय मुरलीधर उधवानी की याचिका पर सुनवाई करने से मना कर दिया। इसमें उधवानी ने भारत से एश्व को भेजी गई उन्हें वापस लाने की रिक्वेस्ट (एक्सट्रडिशन रिक्वेस्ट) हटाने की मांग की थी।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनवाई के दौरान पिटीशनर की दलीलें मानने से इनकार कर दिया और कहा कि अगर उसे एफआईआर की पूरी जानकारी चाहिए तो उसे भारत आकर लेनी होगी। उधवानी पर गुजरात में 153 आपराधिक केस दर्ज हैं, जिनमें शराब की तस्करी और गैंग की तरह गैर-कानूनी काम करने के आरोप भी शामिल हैं। वह जुलाई 2022 में दुबई जाने के बाद से भारत नहीं लौटा है। उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है।

### वकील ने कहा- आरोपी के पास पासपोर्ट नहीं

आरोपी के वकील ने कहा कि उसके पास पासपोर्ट नहीं है और वह भारत वापस आना चाहता है। इस मामले में एक सह-आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत हो चुकी है, इसलिए उधवानी अपनी सुरक्षा को लेकर डरा हुआ है। उसने यह भी मांग की थी कि भारत लौटने पर उसे सीसीटीवी निगरानी वाली कस्टडी में रखा जाए। बेंच ने इन दलीलों पर विचार करने से इनकार किया और कहा कि अधिकारी उसे भारत लाने में सक्षम हैं। इसके बाद वकील ने याचिका वापस ले ली।

# इजरायल ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के समर्थन की दोहराई प्रतिबद्धता, कहा- 26/11 इंसानियत पर हमला

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इजराइल ने आतंकवाद के सभी रूपों को हराने के लिए भारत के साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। राजदूत, रियूवेन अजार ने आज बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मृतकों को श्रद्धांजलि दी और इस आतंकी घटना को इंसानियत पर हमला बताया। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले में 160 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए गए एक वीडियो मैसेज में, अजार ने कहा कि इस हमले में हर कम्युनिटी, देश और हर धर्म के लोगों को टारगेट किया गया।

उन्होंने कहा कि इजरायल आतंकवाद में मासूम लोगों की जान जाने का दर्द समझता है और हिम्मत और पक्के इरादे से इसका जवाब दे रहा है। उन्होंने आगे कहा, आज, जब भारत 26/11 के भयानक मुंबई आतंकी हमलों की बरसी मना रहा है, मैं और इजरायल के लोग, भारत के लोगों के साथ खड़े हैं, ठीक वैसे ही जैसे हम उस काले दिन और उसके बाद हर साल खड़े थे। 26/11 सिर्फ मुंबई पर हमला नहीं था, यह इंसानियत पर हमला था। अजार ने आगे कहा कि इसने हर समुदाय, हर देश, हर धर्म, भारतीयों और इजरायलियों को एक ही तरह से टारगेट किया। बदकिस्मती से, इजरायल इस दर्द को जानता है। हम जानते हैं कि आतंकी घटनाओं में मासूम लोगों की जान जाने का क्या मतलब होता है।

# राजस्थान में हाईवे के पास शराब की दुकानें होंगी बंद

## हाईकोर्ट ने कहा- सरकार ने राजमार्ग को लिकर-फ्रेंडली कॉरिडोर बना डाला

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** राजस्थान में नेशनल और स्टेट हाईवे के किनारे चल रहे शराब के ठेकों को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया। जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने हाईवे के 500 मीटर के दायरे में चल रहे सभी 1102 शराब के ठेकों को 2 महीने के अंदर हटाने का निर्देश दिया। चूरू निवासी कन्हैयालाल सोनी की जनहित याचिका पर बुधवार को फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते समय सख्त टिप्पणी की-सरकार ने म्युनिसिपल एरिया की आड़ में हाईवे को लिकर-फ्रेंडली कॉरिडोर बना दिया है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चाहे ये ठेके नगरपालिका या शहरी सीमा में ही क्यों न आते हों, अगर ये हाईवे पर है, तो इन्हें हटाना ही होगा। यह फैसला प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों और ड्रंक एंड ड्राइव के मामलों को देखते हुए दिया गया है।

### सरकार की दलील- शहरी सीमा में हैं ठेके, 2222 करोड़ का राजस्व

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अपना पक्ष रखते हुए स्वीकार किया कि प्रदेश में कुल 7665 शराब की दुकानों में से 1102 दुकानें नेशनल और स्टेट हाईवे पर है। सरकार की दलील थी कि ये दुकानें आबादी/नगरपालिका क्षेत्र में आती है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट की छूट के दायरे में है। सरकार ने यह भी बताया कि इन 1102 दुकानों से राज्य को सालाना करीब 2221.78 करोड़ रुपए का भारी-भरकम राजस्व मिलता है। हाईकोर्ट ने सरकार की इस दलील को सिरे से खारिज कर दिया।

कोर्ट ने कहा- संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत लोगों की जान की सुरक्षा सर्वोपरि है। कोर्ट ने माना कि सरकार ने अपने विवेक का दुरुपयोग कर हाईवे को लिकर-फ्रेंडली कॉरिडोर बना दिया है।

केवल शहरी सीमा में होने से हाईवे पर शराब बेचने की छूट नहीं मिल जाती। कोर्ट ने साफ कहा कि 1102 दुकानों का हाईवे पर संचालन जन सुरक्षा के लिए खतरा है और इन्हें हटाना या शिफ्ट करना ही होगा। 2200 करोड़ रुपए के राजस्व के लिए हम लोगों को मरने के लिए नहीं छोड़ सकते। प्रदेश में करीब 7765 शराब की दुकानें हैं। इनसे विभाग को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 17 हजार 200 करोड़ रुपए का रेवेन्यू अर्जित हुआ था। यह प्रदेश में किसी सरकारी विभाग में सबसे ज्यादा रेवेन्यू है।






# रेयर अर्थ पर मोदी सरकार का बड़ा फैसला

# 7280 करोड़ का शुरू होगा प्रोजेक्ट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेटी कमेटी की मीटिंग हुई। बैठक के दौरान रेयर अर्थ परमानेंट मैगनेट मैन्युफैक्चरिंग, पुणे मेट्रो का विस्तार, देवभूमि द्वारका(ओखा)- कनालुस रेलवे लाइन को डबल करने के साथ ही बदलपुरा-करजत की तीसरी और चौथी रेलवे लाइन से जुड़े बड़े फैसले लिए गए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को 7280 करोड़ रुपये की %रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की योजना को मंजूरी दी।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अपनी तरह की इस पहली पहल का मकसद भारत में 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की इंटीग्रेटेड रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट मैन्युफैक्चरिंग स्थापित करना है। इससे आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और भारत ग्लोबल आरईपीएम मार्केट में एक अहम खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह बना सकेगा। इस योजना का कुल खर्च 7280 करोड़ रुपये है। इसमें पांच (5) वर्षों के लिए आरईपीएम बिक्री पर 6450 करोड़ रुपये के बिक्री-लिंक्ड प्रोत्साहन और कुल 6000 एमटीपीए आरईपीएम विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए 750 करोड़ रुपये की पूंजी सब्सिडी शामिल है।

## कैबिनेट मीटिंग में मंजूर हुए बड़े प्रोजेक्ट

### पुणे मेट्रो का होगा विस्तार

पुणे के पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में एक और बड़ी बढ़त मिलने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने पुणे मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के फेज़-2 के तहत लाइन 4 (खरडी-हडपसर-स्वरगेट-खड़कवासला) और लाइन 4ए (नल स्टॉप-वारजे-मानिक बाग) को मंजूरी दे दी है। लाइन 2ए (वनज-चांदनी चौक) और लाइन 2बी (रामवाड़ी-वाघोली/विठ्ठलवाड़ी) को मंजूरी मिलने के बाद, यह फेज-2 के तहत मंजूर किया गया दूसरा बड़ा प्रोजेक्ट है। कुल मिलाकर 31.636 किमी में फैली, जिसमें 28 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। लाइन 4 और 4ए ईस्ट, साउथ और वेस्ट पुणे में आईटी हब, कमर्शियल ज़ोन, एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन और रेजिडेंशियल क्लस्टर को जोड़ेगी। यह प्रोजेक्ट पांच साल में पूरा होगा, जिसकी अनुमानित लागत रु.9,857.85 करोड़ होगी, जिसे भारत सरकार, महाराष्ट्र सरकार और बाहरी बाइलेटरल/मल्टीलेटरल फंडिंग एजेंसियां मिलकर फंड करेंगी। ये लाइनें पुणे की कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान का एक जरूरी हिस्सा हैं और खराडी बाईपास और नल स्टॉप (लाइन 2), और स्वर्गेट (लाइन 1) पर ऑपरेशनल और मंजूर कॉरिडोर के साथ आसानी से जुड़ जाएंगी।

### दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी

कैबिनेट मीटिंग में रेल मंत्रालय की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है जिनकी कुल लागत 2,781 करोड़ रुपये (लगभग) है। इन परियोजनाओं में शामिल हैं- देवभूमि द्वारका (ओखा) - कनालुस दोहरीकरण - 141 किलोमीटर बदलापुर - कर्जत तीसरी और चौथी लाइन - 32 किलोमीटर बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में काफी वृद्धि होगी। इससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये बहु-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं। ये परियोजनाएं पीएम मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं। ये क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी जिससे उनके रोजगार / स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। परियोजनाओं की योजना पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान पर बनाई गई है ये प्रोजेक्ट्स लोगों, सामान और सर्विसेज़ के आने-जाने के लिए आसान कनेक्टिविटी देंगे।

महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों के 4 जिलों को कवर करने वाले ये दो प्रोजेक्ट्स, इंडियन रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 224 झ्द्धह्म तक बढ़ा देंगे। मंजूर किए गए मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट से लगभग 585 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ेगी, जिनकी आबादी लगभग 32 लाख है।

कनालुस से ओखा (देवभूमि द्वारका) तक मंजूर डबलिंग से द्वारकाधीश मंदिर तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे खास तीर्थ स्थलों तक पहुच आसान होगी और सौराष्ट्र क्षेत्र का हर तरह से विकास होगा। बदलापुर - कर्जत सेक्शन मुंबई सबअर्बन कॉरिडोर का हिस्सा है। तीसरी और चौथी लाइन प्रोजेक्ट से मुंबई सबअर्बन इलाके में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और यात्रियों की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ दक्षिण भारत से भी कनेक्टिविटी मिलेगी।

# पीएलआई स्कीम ग्लोबल मैन्युफैक्चरर को 'मेक इन इंडिया' की ओर कर रही आकर्षित : मोदी




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत ने दुनिया को संदेश दिया है कि देश निवेश और इनोवेशन का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि पीएलआई स्कीम ने ग्लोबल मैन्युफैक्चरर को 'मेक इन इंडिया' की ओर आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बीते 11 वर्षों में 40 हजार से अधिक अनुपालनों को कम किया गया है। नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम ने अनेकों अप्रोच को एक ही प्लेटफॉर्म पर ला दिया है। पीएम मोदी ने हैदराबाद में सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया (एसएईएसआई) फैसिलिटी के उद्घाटन पर अपने वर्चुअल संदेश में कहा, आज का भारत केवल बड़े सपने नहीं देख रहा, बड़े फैसले ले रहा है और उनसे भी बढ़कर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। भारत का फोकस ईज ऑफ डूइंग बिजनेस पर है।उन्होंने कहा कि आज से भारत का एविएशन सेक्टर एक नई उड़ान भरने जा रहा है। सफ्रान की नई फैसिलिटी भारत को एक ग्लोबल एमआरओ हब के रूप में स्थापित करेगी। हाई टेक और एयरो स्पेस की दुनिया में युवाओं के लिए नए अवसरों को पेश करेगी।उन्होंने कहा कि वैश्विक निवेश और उद्योगों को आकर्षित करने के लिए स्वतंत्र भारत में कुछ बड़े सुधार किए गए हैं। अर्थव्यवस्था के दरवाजे खोले गए हैं, फंडामेंटल को मजबूत किया गया है और बिजनेस को आसान बनाया गया है। पीएम मोदी के अनुसार, डिफेंस जैसे सेक्टर जहां पहले प्राइवेट सेक्टर की जगह नहीं थी वहां भी अब 74 प्रतिशत तक एफडीआई ऑटोमेटिक रूट से संभव हो गया है। स्पेस सेक्टर में बड़ी अप्रोच अपनाई गई है।

उन्होंने बताया कि भारत का 85 प्रतिशत एमआरओ का काम देश की सीमाओं के बाहर हो रहा था। जिससे खर्च बढ़ता था, समय भी अधिक लगता था और एयरक्राफ्ट लंबे समय तक ग्राउंडेड रहते थे। यह स्थिति भारत जैसे विशाल एविएशन मार्केट के लिए सही नहीं थी। इसलिए भारत सरकार दुनिया के एक बड़े एमआरओ केंद्र को तैयार कर रही है। उन्होंने कहा, सफ्रान की ग्लोबल ट्रेनिंग और नॉलेज ट्रांसफर और भारत के संस्थानों के साथ साझेदारी से देश में एक ऐसा वर्कफोर्स तैयार होगा, जो आने वाले समय में पूरे एमआरओ इकोसिस्टम को नई गति और दिशा देगी।

# इंडिगो एयरलाइन ने आखिरी वक्त पर रद्द की दो फ्लाइट

## तकनीकी खराबी के चलते जयपुर से उदयपुर और अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट्स कैंसिल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह फ्लाइट संचालन में गड़बड़ी आने से पैसेंजर्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरक्राफ्ट की कमी के चलते इंडिगो एयरलाइन ने आखिरी वक्त पर जयपुर से उदयपुर और अहमदाबाद जाने वाली दो महत्वपूर्ण फ्लाइटें रद्द कर दीं। अचानक हुए इस फैसले के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर पैसेंजर्स ने इंडिगो एयरलाइंस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। दरअसल, इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6श्च - 7217 जो जयपुर से अहमदाबाद के लिए सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर रवाना होनी थी। लेकिन तकनीकी कारणों और एयरक्राफ्ट की उपलब्धता न होने से एयरलाइन कंपनी ने आखिरी वक्त पर फ्लाइट को रद्द कर दिया गया। इसी तरह इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6श्च - 7465 को सुबह 6 बजकर 55 मिनट पर जयपुर से उदयपुर के लिए उड़ान भरनी थी।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# खड़गे बोले- कर्नाटक सीएम विवाद सोनिया, राहुल और मैं सुलझाएंगे

## विधायकों ने कहा- जल्द फैसला लें; शिवकुमार का सीएम की कुर्सी खरीदते एआई वीडियो

बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी हाईकमान इस समस्या को सुलझा लेंगे, जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता भी करेंगे। उन्होंने बातचीत में कहा, वहां की जनता ही बता सकती है कि सरकार कैसा काम कर रही है। लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि में राहुल गांधी, सोनिया गांधी एक साथ बैठकर इस पर चर्चा करेंगे।

इधर, कर्नाटक बीजेपी ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का एआई वीडियो जारी किया। इसमें शिवकुमार लैपटॉप में ऑनलाइन मुख्यमंत्री कुर्सी खरीद रहे हैं, लेकिन जैसे ही वह इसे कार्ट में जोड़ते हैं, स्क्रीन पर आउट ऑफ स्टॉक लिखा आता है। साथ ही कैप्शन में लिखा- छ्य शिवकुमार अभी।

उधर, कर्नाटक कांग्रेस के कई विधायकों ने कहा है कि नेतृत्व बदलने की अटकलों से जो भ्रम पैदा हुआ है, उसे जल्द खत्म किया जाए, नहीं तो पार्टी की छवि को बड़ा नुकसान हो सकता है।



### राहुल ने डीके को इंतजार करने को कहा

**एक रिपोर्ट में दावा किया है कि पिछले एक हफ्ते से शिवकुमार राहुल गांधी से संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद राहुल गांधी ने वाट्सएप मैसेज भेजा, जिसमें लिखा था- कृपया प्रतीक्षा करें, मैं कॉल करूंगा। इस पर बुधवार को शिवकुमार ने कहा- अगर जरूरत हुई तो मैं हाईकमान से समय मांगूंगा। मुझे 4 एमएलसी सीटों के उम्मीदवार तय करने हैं। इसके साथ ही मैं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ट्रस्ट और पार्टी की संपत्तियों के पुनर्गठन पर भी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करना चाहता हूं।**

### कांग्रेस विधायक बोले- शिवकुमार 200% मुख्यमंत्री बनेंगे

रमणागारा के विधायक इकबाल हुसैन ने कहा- हाईकमान जैसा फैसला करेगा, वे सब उसका पालन करेंगे। उन्होंने दावा किया कि 100% नहीं, बल्कि 200% शिवकुमार ही जल्द मुख्यमंत्री बनेंगे। मैदूर के विधायक केएम उदय ने बताया- विधायकों ने हाईकमान से मंत्रिमंडल विस्तार में नए और युवा चेहरों को मौका देने की मांग रखी है। उन्हें संकेत मिला है कि इस पर विचार किया जाएगा। मगड़ी के विधायक एचसी बालकृष्ण ने कहा- किसे मुख्यमंत्री बनाना है, यह मुद्दा नहीं, लेकिन मौजूदा हालात पार्टी के लिए ठीक नहीं हैं, इसलिए हाईकमान को तुरंत कदम उठाना चाहिए।

### शिवकुमार बोले- मुख्यमंत्री बदलाव 4-5 लोगों के बीच की सीक्रेट डील

इधर मंगलवार को एक ही दिन में कांग्रेस अध्यक्ष, कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बयान आए थे। डिप्टी सीएम और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा- मैं मुख्यमंत्री बदलाव पर सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कहूंगा, यह हम 4-5 लोगों के बीच की सीक्रेट डील है।

वहीं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पार्टी हाईकमान को इस पूरे भ्रम पर अंतिम फैसला लेना चाहिए, ताकि यह मुद्दा खत्म हो सके। साथ ही कहा कि अगर हाईकमान सीएम बदलने को लेकर कोई फैसला लेता है तो वे उसका पालन करेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार